उज्जैन
बुधवार
08
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-245
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ दौड़ते हुए बाइक सवार पर झपट्टा मारा, वन विभाग कर रहा सर्चिंग

7 ▸ अर्जेंटीना 13 मिनट में 3 गोल दागकर क्वार्टर फाइनल में




## भारत-इंडोनेशिया में कुछ-कुछ होता है, डीएनए म्युचअल ट्रस्ट से बना

जकार्ता। पीएम मोदी ने मंगलवार शाम को जकार्ता में भारतीय लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यहां भारत का



गाना कुछ-कुछ होता है बहुत लोकप्रिय है। जब भारत-इंडोनेशिया साथ मिलकर चलते हैं तो कुछ-कुछ से भी आगे बढ़कर बहुत कुछ होता है। पीएम बोले- राष्ट्रपति प्रबोवो ने कहा था कि उनके अंदर भारत का डीएनए है। उनकी इस बात ने भारतीयों के दिलों को छू लिया था। भारत-इंडोनेशिया का डीएनए म्युचअल ट्रस्ट से बना है। इससे पहले इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो ने मोदी की तारीफ करते हुए कहा, 'मैं आपका करियर कॉपी करता हूं।' उनके इतना कहते ही तालियां बजने लगीं।

## चांदी 5,958 रु. गिरकर 2.27 लाख पर आई सोना 1500 रु. सस्ता

नई दिल्ली। सोने-चांदी के दाम में गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,500 रुपए गिरकर 1.44 लाख रुपए हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी का दाम 5,958 रुपए गिरकर 2.27 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले बीते महीने यानी जून में सोना-चांदी में गिरावट रही थी। बीते महीने सोना 15 हजार और चांदी 38 हजार रुपए सस्ती हुई थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 32 हजार रुपए सस्ता हो चुका है।

## तेलंगाना डीएसपी के पास मिली 300 करोड़ रुपये की संपत्ति

हैदराबाद। तेलंगाना में एक पुलिस अधिकारी के पास करोड़ों रुपए की बेनामी संपत्ति मिली है। सोमवार शाम



उन्हें आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान संकीरेड्डी भीम रेड्डी के रूप में हुई है। भीम रेड्डी हैदराबाद में पुलिस कंप्यूटर सर्विसेज में डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस के पद पर तैनात हैं। दोस्तों-सहयोगियों के नाम पर करोड़ों की प्रॉपर्टी जांच में पता चला है कि रेड्डी ने करोड़ों की प्रॉपर्टी तेलंगाना व कर्नाटक में अपने रिश्तेदारों, दोस्तों, कथित बेनामीदारों और सहयोगियों के नाम पर खरीद रखी थी।

## 31 जुलाई तक आयकर रिटर्न नहीं भरा तो लगेगा जुर्माना

लखनऊ। इनकम टैक्स रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई है। अगर आप तय समय तक आईटीआर दाखिल नहीं करते, तो सालाना 5 लाख रु. तक की आय पर 1 हजार रु. और 5 लाख रु. से ज्यादा आय होने पर 5 हजार रु. तक की लेट फीस देनी पड़ सकती है। आयकर विभाग ने ई-फाइलिंग पोर्टल के जरिए आईटीआर भरने की प्रक्रिया पहले से काफी आसान कर दी है। अब आप घर बैठे खुद भी आसानी से आईटीआर फाइल कर सकते हैं। इसका मकसद है कि लोगों को रिटर्न भरने के लिए हर बार सिर्फ चार्टर्ड अकाउंटेंट पर निर्भर न रहना पड़े। चार्टर्ड अकाउंटेंट दीपक तिवारी के मुताबिक, अगर आप असेसमेंट ईयर 2026-27 का आईटीआर भर रहे हैं, तो सबसे पहले यह जान लें कि नई टैक्स व्यवस्था अब डिफॉल्ट है।

## अफगानिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शापूर जादरान का निधन

नई दिल्ली। अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज शापूर



जादरान का मंगलवार को भारत में निधन हो गया। वे 38 साल के थे और बुधवार को उनका 39वां जन्मदिन था। वे लंबे समय से हेमोफैगोसिटिक लिम्फोहिस्टियोसाइटोसिस नाम की दुर्लभ बीमारी से जूझ रहे थे। ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया पर शापूर जादरान के निधन की पुष्टि करते हुए शोक जताया।

### अयोध्या में चढ़ावा चोरी मामले में जांच का दायरा बढ़ गया

# ट्रस्ट के पूर्व सदस्य मिश्रा को आरोपी बनाने की तैयारी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ**

ट्रस्ट के पूर्व सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा को आरोपी बनाने की तैयारी है। एसआईटी रिपोर्ट को इसमें आधार बनाया जाएगा। कई पुख्ता साक्ष्य भी पुलिस को मिले हैं। साजिश में शामिल होने के आरोपी बनाए जा सकते हैं। हालांकि, अब तक किसी तरह का आधिकारिक बयान नहीं आया है।

चढ़ावा चोरी मामले में जांच का दायरा बढ़ गया है। ट्रस्ट के पूर्व सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा को आरोपी बनाने की तैयारी है। एसआईटी रिपोर्ट को इसमें आधार बनाया जाएगा। कई पुख्ता साक्ष्य भी पुलिस को मिले हैं। साजिश में शामिल होने के आरोपी बनाए जा सकते हैं। हालांकि, अब तक किसी तरह का आधिकारिक बयान नहीं आया है।

मामले में शुरू से ही तीन नाम चर्चा में रहे। जिसमें चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव शामिल हैं। एसआईटी रिपोर्ट में चंपत राय व गोपाल के नाम का सीधे तौर पर कहीं भी जिक्र नहीं है। लेकिन, अनिल मिश्रा की भूमिका स्पष्ट रूप से लिखी गई है। सूत्रों के मुताबिक, अनिल मिश्रा के खिलाफ कई सुबूत भी सामने आए हैं। जिनकी तस्दीक पुलिस कर रही है। वहीं, एसआईटी रिपोर्ट को अपनी जांच में शामिल कर लिया है। कुछ ही दिन में एसआईटी उनको आरोपी बनाकर केस में नाम जोड़ सकती है। उधर, रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा गया है कि अनिल मिश्रा की मामले में सीधी जिम्मेदारी थी। उनके संबंध में उत्तरदायित्व इस आधार पर निर्धारित होता है कि उन्होंने सुरक्षा उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित नहीं किया। उनको पता था कि पूरा खेल हो रहा है, इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इसलिए उनको दोषी पाया है। चूंकि जानकारी के बावजूद चोरी होती रही, इसलिए साजिश का आरोपी बनाया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, केस की विवेचना के दौरान भी पुलिस को कई बैंक कर्मियों की मिलीभगत के सुबूत मिले हैं। इसलिए जांच की जद में बैंक अधिकारी व कर्मचारी भी हैं। तीन से चार बैंक कर्मियों पर कार्रवाई तय है।



### इसलिए बनाए जाएंगे आरोपी...बदल दिए थे नियम

एसआईटी की जांच में पता चला था कि अनिल मिश्रा वित्तीय मामलों व नकदी संकलन के प्रबंधन के कार्य का पर्यवेक्षण करते थे। साथ ही, गणना प्रक्रिया को नियमानुसार कराने की जिम्मेदारी भी उनकी ही थी। वहीं, बैंक के साथ मिलकर गणना के जो नियम आदि तय किए गए थे, उसमें ट्रस्ट की तरफ से वही प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हुए थे। इसलिए प्रक्रिया को पुख्ता तौर से पूरी कराने की जिम्मेदारी उनकी ही थी। वहीं, गणनाकर्मियों के ड्रेस, बायोमीट्रिक, तलाशी आदि को लेकर बनाए गए नियमों को अनिल मिश्रा ने ही शिथिल कर दिए थे। इसलिए इन पर कानूनी कार्रवाई की तैयारी चल रही है।

### लॉरेंस-गोल्डी गैंग पर बड़ी कार्रवाई

# अमेरिका-कनाडा-यूरोप में 24 गुर्गे गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कनाडा**

अमेरिका में संघीय ग्रैंड जूरी ने लॉरेंस बिश्नोई और उसके कथित सहयोगियों के खिलाफ नौ आरोपों वाला अभियोग दायर किया है। अभियोजकों का आरोप है कि जेल में रहते हुए भी उसने कई देशों में फैले आपराधिक नेटवर्क का संचालन किया और हत्या, रंगदारी, मादक पदार्थों की तस्करी, अपहरण तथा अन्य गंभीर अपराधों की साजिश रची। आरोपपत्र में गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा को उसके प्रमुख सहयोगियों के रूप में नामित किया गया है।

अमेरिका, कनाडा और यूरोप में लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ समेत भारतीय अपराधियों के तीन गिरोहों के खिलाफ अभियान में 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से बिश्नोई-बराड़ गिरोह पर खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की 2023 में हुई हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। छापे में करीब 1,000 किलोग्राम कोकीन, एक किलोग्राम हेरोइन, 40,000 डॉलर नकद और करीब एक दर्जन हथियार जब्त किए। एफबीआई, लॉस एंजिल्स पुलिस, रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस और कई अन्य देशों की सुरक्षा एजेंसियों ने अभियान में समन्वित कार्रवाई की। अभियान को ऑपरेशन हार्ड बॉल नाम दिया गया।


### बिश्नोई गैंग समेत किन गिरोहों पर की गई कार्रवाई?

अमेरिकी अधिकारियों ने तीनों गिरोहों के खिलाफ तीन आरोपपत्र दायर किए हैं, जिनमें कुल 37 लोगों को आरोपी बनाया है। अधिकारियों ने बताया कि कैलिफोर्निया में 11 गिरफ्तारियां हुईं, जबकि बाकी गिरफ्तारियां इंडियाना, जॉर्जिया, कनाडा और स्पेन में हुईं। दस आरोपी अब भी फरार हैं। बिश्नोई-बराड़ के अलावा जग्गू भगवानपुरिया और रविंदर सिंह ढांडा गिरोहों को भी निशाना बनाया।

# अमेरिका ने सीजफायर के बावजूद ईरान पर एयरस्ट्राइक की

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान**

अमेरिका ने सीजफायर के बावजूद बुधवार तड़के ईरान पर एयरस्ट्राइक की है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, 80 से ज्यादा सैन्य ठिकानों को सटीक हथियारों से निशाना बनाया गया। अमेरिका का कहना है कि यह कार्रवाई होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे तीन जहाजों पर हुए हमलों के जवाब में की गई। वॉशिंगटन ने इन हमलों के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया है। एयरस्ट्राइक में एयर डिफेंस सिस्टम, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, तटीय रडार, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, एंटी-शिप मिसाइल सिस्टम, ड्रोन लॉन्च साइट्स और



आईआरजीएस की 60 से ज्यादा सैन्य नौकाओं को निशाना बनाया गया। ईरानी मीडिया के मुताबिक, सीरिक, केश्म द्वीप और बंदर अब्बास में कई धमाके हुए और कुछ जगहों पर आग लग गई। ईरानी सेना ने इन हमलों को दोनों देशों के बीच हुए समझौते का का उल्लंघन बताते हुए कहा कि अमेरिका को इसका करारा जवाब दिया जाएगा।

# गेस्ट हाउस में बदलेगा पूर्व सीएम केजरीवाल का बंगला

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास रहे सिविल लाइंस स्थित फ्लैगस्टाफ रोड के बंगले को राज्य सरकार स्टेट गेस्ट हाउस में बदलने की तैयारी कर रही है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, इस प्रस्ताव पर सरकार अंतिम फैसला लेने के करीब है। बंगला नंबर-6 को अन्य राज्य अतिथि गृहों की तरह विकसित किया जाएगा। यहां बाहर से आने वाले मंत्री और सरकारी अधिकारी ठहरेंगे।

# बारुईपुर में दुष्कर्म-हत्या का आरोपी एनकाउंटर में ढेर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के बारूइपुर में 11 वर्षीय मासूम बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जिनमें से एक मुख्य आरोपी बीती रात पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। इस घटना को लेकर पहले से ही जनता में भारी आक्रोश है। वहीं,



मामले के तुरंत बाद प्रदर्शन के दौरान एक युवक की मॉब लिंचिंग भी हुई। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पीड़ित परिवारों से मिलकर सख्त कार्रवाई और त्वरित न्याय का भरोसा दिलाया था। पश्चिम बंगाल के बारूइपुर में 11 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। बीती रात पुलिस एनकाउंटर (मुठभेड़) में मामले का एक मुख्य संदिग्ध मारा गया है।

### उज्जैन के स्टेट हाईवे होंगे गोवंश मुक्त

# हर पांच किलोमीटर पर बनेगी गौशाला

## प्रदेश सरकार की नई पहल से सड़क दुर्घटनाओं पर लगेगी रोक, उज्जैन की प्रमुख सड़कों को भी मिलेगा लाभ

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

प्रदेश में सड़कों पर घूमते और बैठते बेसहारा गोवंश के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) ने गोवंश प्रबंधन के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की है, जिसे शासन की मंजूरी मिलते ही लागू किया जाएगा। इस नई व्यवस्था का लाभ उज्जैन जिले के स्टेट हाईवे को भी मिलेगा, जहां धार्मिक पर्यटन, ग्रामीण यातायात और भारी वाहनों की आवाजाही के कारण आए दिन गोवंश सड़क पर दिखाई देता है।

उज्जैन जिले से जुड़े विभिन्न स्टेट हाईवे पर अक्सर बेसहारा गोवंश सड़क पर बैठा रहता है। विशेष रूप से बारिश के मौसम में सड़कें जल्दी सूखने के कारण गोवंश बड़ी संख्या में हाईवे पर आ जाता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। कई बार वाहन चालक गोवंश को बचाने के प्रयास में स्वयं दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। नई एसओपी के तहत स्टेट हाईवे के किनारे हर पांच किलोमीटर पर टीन शेड वाली गोशालाएं विकसित की जाएंगी, जहां बेसहारा गोवंश को सुरक्षित रखा जाएगा। इसके अलावा सड़क किनारे विशेष चबूतरे बनाए जाएंगे ताकि पशु सड़क पर बैठने के बजाय निर्धारित स्थानों पर रहें। प्रत्येक क्षेत्र के लिए रेस्क्यू वाहन भी उपलब्ध रहेगा, जो सड़क पर मिले गोवंश को पकड़कर सुरक्षित गौशाला तक पहुंचाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस एजेंसी या कंपनी को सड़क निर्माण का कार्य सौंपा जाएगा, वही इन गोशालाओं, चबूतरों और अन्य व्यवस्थाओं के निर्माण एवं संचालन की जिम्मेदारी भी निभाएगी। स्थानीय प्रशासन और संबंधित निकायों के साथ समन्वय कर बेसहारा गोवंश का प्रबंधन किया जाएगा। भविष्य में बनने वाले सभी नए स्टेट हाईवे के टेंडर में इन व्यवस्थाओं को अनिवार्य शर्त के रूप में शामिल किया जाएगा।



### सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी

प्रदेश सरकार का मानना है कि यदि गोवंश को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराया जाए तो सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी और पशुओं का भी संरक्षण होगा। उज्जैन जैसे धार्मिक शहर में, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु महाकाल दर्शन के लिए पहुंचते हैं और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी भारी यातायात रहता है, यह योजना सड़क सुरक्षा की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यदि शासन इस एसओपी को अंतिम मंजूरी दे देता है तो मध्य प्रदेश देश के उन चुनिंदा राज्यों में शामिल होगा, जहां सड़क निर्माण परियोजनाओं के साथ गोवंश प्रबंधन को भी संस्थागत रूप से जोड़ा जाएगा। इससे प्रदेश के साथ-साथ उज्जैन जिले के स्टेट हाईवे पर भी सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और पशु संरक्षण को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

# ऐसा क्या चूक रहे हैं वांगचुक...?

■ संदीप मेहता

एक बहुत बड़ा मुद्दा है और अक्सर ये आरोप लगते रहते हैं कि पेपर लीक जैसी चीजें सिस्टम का हिस्सा बन जाती हैं। बीजेपी का उजागर करना शायद राजनीतिक नुकसान से बचने के लिए हुआ, लेकिन सवाल ये भी है कि इस पूरे सिस्टम में सुधार कब होगा, ताकि छात्रों को भरोसा वापस मिले।

पेपर लीक का मामला कोई नया नहीं है, ये दशकों से अलग-अलग राज्यों और परीक्षाओं में होता आया है। अक्सर परीक्षा का दबाव इतना ज्यादा होता है कि बिचौलिये और कुछ भ्रष्ट लोग इसमें शामिल हो जाते हैं। जब कोई पार्टी, चाहे वो बीजेपी हो या कोई और, इसे उजागर करती है, तो ये राजनीति में बड़ा विवाद बन जाता है। इस बार भी जब पेपर लीक हुआ, तो बीजेपी ने उसे सार्वजनिक किया, जिससे विपक्ष ने इसे बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का प्रतीक बना दिया। लेकिन असली सवाल यही है कि क्या सिर्फ एक बार उजागर करने से व्यवस्था में बदलाव होगा, या फिर इस पूरी भर्ती और परीक्षा प्रणाली को ही पूरी तरह बदलने की जरूरत है, ताकि भविष्य में छात्रों का विश्वास बना रहे और पारदर्शिता आए।

जब हम पेपर लीक जैसे मामलों की बात करते हैं, तो ये सिर्फ एक व्यक्तिगत गलती नहीं होती, बल्कि इसमें आमतौर पर भ्रष्टाचार की एक पूरी संरचना होती है। इसमें कुछ दलाल, एजेंट और कई बार सरकारी स्तर पर मिलीभगत भी होती है। जब पेपर लीक होता है, तो सिर्फ परीक्षा का नुकसान नहीं होता, बल्कि हजारों बच्चों का भविष्य दांव पर लग जाता है। इस वजह से कई बार छात्रों और अभिभावकों में गहरा असंतोष और निराशा पैदा होती है। और जब परीक्षा रद्द की जाती है, तो केवल एक बार परीक्षा ही नहीं, बल्कि उस पूरे सिस्टम की विश्वसनीयता भी खत्म हो जाती है। इसलिए, जरूरी है कि सिर्फ उजागर करने से नहीं, बल्कि एक मजबूत न्यायिक और प्रशासनिक जांच हो, ताकि जो भी दोषी हैं, उन्हें सख्त सजा मिले, और सिस्टम में पारदर्शिता और भरोसा वापस आए।



जब छात्रों पर इतना बड़ा दबाव होता है, खासकर ऐसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं में, तो कई बार मानसिक तनाव बहुत बढ़ जाता है। ये एक बड़ा संकेत है कि हमारे शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य प्रणाली में सुधार की जरूरत है, ताकि छात्रों को सिर्फ प्रतियोगिता में नहीं, बल्कि जीवन में सुरक्षित और समर्थ महसूस हो। सरकार, संस्थानों और समाज को मिलकर काम करना होगा, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और हर छात्र को सपनों को पूरा करने का मौका मिले, बिना किसी जान के जोखिम के।

यह सच में बहुत दुखद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2021 से 2026 के बीच कम से कम 93 छात्रों ने नीट की तैयारी के दबाव में आत्महत्या की है, और सिर्फ जिनका ज़िक्र मीडिया में आया है। नैशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के अनुसार, 2021 में करीब 13,089 छात्रों ने आत्महत्या की, जिनमें परीक्षा में असफलता भी एक बड़ा कारण थी।

सोनम वांगचुक का भूख हड़ताल वाकई एक बहुत बड़ा प्रतीक बन गई है। वो छात्रों के हक में, खासकर ठएएळ जैसी परीक्षाओं के दबाव से जूझ रहे बच्चों की सुरक्षा के लिए लड़ रहे हैं। उनका यह आंदोलन, सरकार और समाज दोनों में ही जागरूकता पैदा कर रहा है, और उम्मीद है कि इससे छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

ये सच में बहुत निराशाजनक है। जब इतनी बड़ी संख्या में छात्र प्रभावित हों और जान का जोखिम बढ़ रहा हो, तो ज़िम्मेदारी वाले लोगों को त्वरित और सख्त कदम उठाने चाहिए। अभी तक अगर इस्तीफे जैसी कोई कार्रवाई नहीं हुई है, तो निश्चित ही यह एक बड़ा सवाल खड़ा करता है कि आखिर इस मुद्दे पर जिम्मेदारी कौन लेगा और कब तक वास्तविक बदलाव आएगा।

चाहे संख्या थोड़ी कम हो या प्रदर्शन का तरीका अलग हो, सरकार का रवैया हमेशा स्पष्ट और संवेदनशील होना चाहिए। आखिर, छात्रों की ज़िंदगी और उनकी आकांक्षाएँ दांव पर हैं, और जब तक सरकार बिना किसी देरी के उचित कदम नहीं उठाती, तब तक भरोसा और सुरक्षा दोनों ही कमजोर पड़ते हैं। ऐसे में एक स्पष्ट जवाबदेही और संवाद बहुत जरूरी है।

भले ही विरोध का तरीका किसी नई पार्टी के बैनर तले हो, लेकिन मुद्दा तो वाकई बहुत गंभीर और संवेदनशील है। सरकार को इस बात को समझना चाहिए कि जो भी पार्टी या प्लेटफॉर्म इस्तेमाल हो, वो मुद्दा अपने आप में छात्रों की जिंदगी से जुड़ा हुआ है। अगर सरकार सिर्फ राजनीतिक रंग देखने लगी, तो वो इस संवेदनशीलता को कम करके आंक रही है, और इससे जनता का भरोसा और दूर हो सकता है।

किसान आंदोलन से हमें यही सीख मिलती है कि जब सरकार और जनता के बीच संवाद और भरोसा समय पर नहीं बनता, तो बाद में बहुत देर हो जाती है और नुकसान भी बहुत होता है। इस बार भी सरकार को पहले से ही अपनी गलती पहचाननी चाहिए, बिना किसी देरी के छात्रों के मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए, ताकि वही इतिहास दोहराया न जाए और नुकसान और न हो।

इंदौर में भी छात्र अब धरने पर बैठ गए हैं, और यह दिखाता है कि यह सिर्फ एक केंद्र या राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा नहीं, बल्कि हर जगह छात्रों को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में अगर सरकार स्थानीय स्तर पर भी बात न सुने, तो छात्रों का विश्वास और कमजोर होगा। सरकार को अब तत्काल गंभीरता दिखानी चाहिए, ताकि यह प्रदर्शन और नुकसान आगे न बढ़े।

लोकतंत्र में प्रदर्शन और अहिंसक विरोध का अधिकार बहुत अहम हिस्सा है, और भारत में तो ये हमारे संविधान का हिस्सा है। अगर सरकार ऐसा संकेत दे रही है कि आंदोलन करना गलत है, तो यह लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। इसलिए जरूरी है कि सरकार शांतिपूर्ण विरोध और छात्रों की आवाज को भी गंभीरता से सुने, क्योंकि आखिर में लोकतंत्र इसी तरह मजबूत बनता है, हर आवाज को जगह देकर।

दुःख की बात है कि अगर लोकतांत्रिक तरीकों पर भी सख्ती से प्रतिक्रिया मिल रही है, तो यह सच में सिर्फ किसी व्यक्ति के रवैये या मिजाज पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। यह तो एक संस्थागत जिम्मेदारी है कि सरकार सभी विरोधों को सुनकर, बिना किसी पूर्वाग्रह के, तर्कसंगत और संवैधानिक तरीके से प्रतिक्रिया दे। अगर ऐसा नहीं होता, तो लोकतंत्र में भरोसा डगमगा जाता है, और लोगों का सिस्टम से जुड़ाव कमजोर पड़ता है।

ये वाकई एक अजीब स्थिति है। जब एक तरफ गंभीर मुद्दे पर आंदोलन हो रहा हो और दूसरी तरफ कुछ लोग इसका मजाक उड़ाते हैं या विरोध करते हैं, तो यह पूरे सामाजिक माहौल को और भी जटिल बना देता है। ऐसे में, जरूरत है कि हम इस मुद्दे को सिर्फ राजनीतिक या हास्य के नजरिए से न देखें, बल्कि छात्रों के जीवन, उनके मानसिक स्वास्थ्य और उनके भविष्य के लिहाज से गंभीरता से समझें।

कुछ मीडिया संस्थान इसे खूब विस्तार से उठा रहे हैं, जबकि कुछ इसे हल्के में या पूरी तरह नजरअंदाज कर रहे हैं। यह भी एक बड़ा सवाल खड़ा करता है, क्योंकि जब मीडिया इस तरह का द्विधृष्टि से काम करती है, तो जनता तक पूरा सच नहीं पहुँच पाता, और आंदोलन की गंभीरता भी कम हो जाती है।

इससे भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि पर नकारात्मक असर पड़ सकता है, क्योंकि जब एक बड़ी परीक्षा जैसे नीट में इतनी गंभीर समस्याएं और छात्रों का जोखिम सामने आता है, तो दुनिया में एक अस्थिरता और व्यवस्था की कमजोरी का संकेत जाता है। अगर भारत ऐसी घटनाओं से समय रहते नहीं निपटता, तो निवेशकों, छात्रों और वैश्विक समुदाय का भरोसा भी प्रभावित हो सकता है, जो लंबी अवधि में भारत की स्थिरता और विकास दोनों के लिए चुनौती बन सकता है।

# खाई में गिरी स्कूली बस के बाद... 10 स्कूलों की 80 बसों को किया गया चैक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



महिदपुर में सोमवार को चालक की लापरवाही से स्कूली बस खाई में गिर गई थी। गनीमत रही कि विद्यार्थियों के साथ बड़ा हादसा नहीं हुआ। मंगलवार को पुलिस ने स्कूली बसों को लेकर अभियान चलाया और 10 स्कूलों की 80 बसों को चैक कर स्कूल प्रबंधन से फीट होने का प्रमाण-पत्र प्राप्त किया।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि मंगलवार को ग्रामीण एएसपी करणदीप सिंह और एसडीओपी जेंडेन लिंगजेरपा के मार्गदर्शन में थाना स्टॉफ के साथ तहसील में चलने वाले स्कूलों की बसों का निरीक्षण किया गया। बसों में इमरजेंसी गेट, अग्निशमन यंत्र, फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट चैक किये गये । ड्रायवर को वर्दी में और बसो में लेडी टीचर को रखने के साथ बसों में कैमरे लगवाने की समझाईश दी गई। निरीक्षण अभियान के बाद स्कूल प्रबंधन से वाहनों के फिट होने का प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया गया। सुबह से लेकर दोपहर तक 10 स्कूल एमपीएस स्कूल, अलंकार स्कूल, द एनीमेन्ट स्कूल, ओसीस स्कूल, सेन्ट जोसेफ स्कूल, जीनदाता इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, निर्मल किरण पब्लिक स्कूल, भारतमाता विद्या मंदिर, द रॉयल कान्वेंट स्कूल और सरस्वती विद्या मंदिर की करीब 80 बसों की जांच की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि बसों की जांच के बाद स्कूली बच्चों के परिवहन में उपयोग हो रहे मैजिक और ऑटो की जांच का अभियान भी चलाया जायेगा। लापरवाही सामने आने पर वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

## गांव वालों ने निकाला था बच्चों को

सोमवार को दोपहर को जेडी स्कूल की बस क्रमांक एमपी 13 पी 1274 ग्राम लाखाखेड़ी नाहरपुर में महिदपुर की ओर से आते समय रोड किनारे खाई में गिर गई थी। बस विद्यार्थी को स्कूल की छुट्टी होने पर घर छोड़ने जा रही थी। जिसके चलते संख्या कम थी। बस के खाई में गिरते ही आसपास के गांव वाले एकत्रित हो गये थे। जिन्होने बच्चों को बाहर निकाला। गनीमत रही कि किसी बच्चे को चोंट नहीं आई। थाना प्रभारी पाटीदार के अनुसार सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई थी। बच्चों को उनके घरों तक पहुंचाने के लिये वाहनों की व्यवस्था की गई। कुछ के परिजन मौके पर आ गये थे। घटनाक्रम में पुलिस की ओर से संज्ञान लेकर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है।



उज्जैन
बुधवार
08
जुलाई, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

पद्मानने पद्मऊरु पद्माक्षि पद्मसम्भवे।
तन्मे भजसि पद्माक्षि येन सौख्यं लभाम्यहम्॥

**अर्थः** कमल के समान मुखमण्डल वाली! कमल के समान ऊरुप्रदेश वाली! कमल के समान नेत्रोंवाली! कमल से आविर्भूत होनेवाली! पद्माक्षि! आप उसी प्रकार मेरा पालन करें, जिससे मुझे सुख प्राप्त हो।

## खबर एक नजर...

### इंदौर के सियागंज की तीन दुकानों में चोरी, व्यापारियों में आक्रोश

**इंदौर।** इंदौर के प्रमुख इलेक्ट्रिकल होलसेल बाजार सियागंज में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। सियागंज थाना क्षेत्र में देर रात बदमाशों ने तीन दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। नकदी और अन्य सामान चोरी कर फरार हुए आरोपियों की पूरी करतूत दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, बदमाश देर रात बाजार में पहुंचे और तीन दुकानों के ताले तोड़कर अंदर घुस गए। वहां से नकदी और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी सोमवार सुबह दुकानदारों के दुकान पहुंचने पर लगी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। व्यापारियों का कहना है कि सियागंज शहर का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिकल होलसेल मार्केट है और थाना भी बाजार के नजदीक स्थित है। इसके बावजूद लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। उनका आरोप है कि पिछले एक महीने में करीब पांच बार दुकानों को निशाना बनाया जा चुका है, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से चोरों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। घटना के बाद बड़ी संख्या में व्यापारी सियागंज थाने पहुंचे और पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। व्यापारियों ने चोरी से जुड़े सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है।

### रिश्वतखोर पटवारी और फॉरेस्ट गार्ड सेवा से बर्खास्त

**इंदौर।** लोकायुक्त में दर्ज भ्रष्टाचार के दो अलग-अलग मामलों में दोषसिद्धि के बाद शासन ने एक पटवारी और एक वनरक्षक को सरकारी सेवा से पृथक कर दिया है। दोनों आरोपियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया था। बाद में विशेष न्यायालयों ने उन्हें कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई। खंडवा जिले के छायगांव माखन हल्का नंबर-34 के तत्कालीन पटवारी दिनेश जगताप का है। शिकायतकर्ता सादिक शेख ने लोकायुक्त इंदौर में शिकायत दर्ज कराई थी कि पत्नी के नाम खरीदे गए प्लॉट के नामांतरण के लिए पटवारी 3 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। लोकायुक्त ने शिकायत का सत्यापन कराने के बाद 16 सितंबर 2019 को आरोपी पटवारी को 500 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। मामले की सुनवाई के बाद विशेष न्यायालय, खंडवा ने 31 मार्च 2026 को आरोपी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-7 के तहत तीन वर्ष के कारावास और 15 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। इसके बाद कलेक्टर खंडवा ने 13 मई 2026 को उसे सरकारी सेवा से पृथक कर दिया।

### शादी के नाम पर किसान से 6 लाख की ठगी

**इंदौर।** जिला कोर्ट में एक सप्ताह पहले शादी कराने के नाम पर एक किसान से 6 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने दुल्हन की मां के इलाज के नाम पर किसान के सामने 6 लाख रुपए की शर्त रखी। जब परिवार रुपए लेकर जिला कोर्ट पहुंचा तो वहां नोटरी पर विवाह अनुबंध कराया गया। इसके बाद दुल्हन और दलाल महिला 6 लाख रुपए लेकर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है। एमजी रोड पुलिस ने किसान हरिनारायण की शिकायत पर दुल्हन नंदनी यादव, हसीना बाई, गीता बाई, सुमन, रवि और अन्य आरोपियों के खिलाफ शादी के नाम पर 6 लाख रुपए की ठगी का मामला दर्ज किया है। हरिनारायण ने पुलिस को बताया कि उनकी शादी वर्ष 2007 में ताराबाई से हुई थी। वैवाहिक संबंध ठीक नहीं रहने के कारण दोनों अलग हो गए। इसके बाद उनके भाई मोहन ने हसीना बाई निवासी कालकूट, बड़वाह से शादी के लिए लड़की तलाशने की बात कही। हसीना ने गीता नाम की महिला से संपर्क किया।

### बिना नंबर की बाइक पर एमडी ड्रग्स की सप्लाई

**इंदौर।** नशे के सौदागरों के खिलाफ इंदौर क्राइम ब्रांच लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच को एक ओर सफलता मिली और उन्होंने बिना नंबर की बाइक पर एमडी ड्रग्स की सप्लाई करने वाले बदमाश को धरदबोचा। वह पेंट की जेब में एमडी ड्रग्स लेकर घूम रहा था। पकड़ाया आरोपी ग्रेजुएट है वह एक कंपनी में नौकरी करने के साथ ही खेती बाड़ी भी करता था। आरोपी के पास से 20.22 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली है, जिसकी कीमत 2 लाख 20 हजार रुपए है। टीम ड्रग्स और बाइक सहित 3 लाख का माल जब्त किया है। बता दे कि इंदौर में क्राइम ब्रांच की टीम लगातार नशे के सप्लाई करने वालों की धरपकड़ कर उन्हें गिरफ्तार कर रही है। इस मामले में क्राइम ब्रांच को मुखबीर से सूचना मिली थी, जिसकी बाद टीम ने पिपलेश्वर महादेव मंदिर, नसिया रोड के पास घेराबंदी की। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि टीम ने यहां पर बिना नंबर प्लेट की बाइक से घूम रहे एक संदिग्ध युवक को रोका और उससे पूछताछ की उसकी तलाशी ली तो उसकी पेंट की जेब में 20.22 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली। पूछताछ में उनसे अपना नाम अजय (25) पिता प्रेम सिंह सिसोदिया निवासी ग्राम मलवासा, आगर बताया। उसे गिरफ्तार कर केस दर्ज किया है। पूछताछ में पता चला कि अजय ग्रेजुएट है और एथेनॉल कंपनी में नौकरी करता था साथ ही खेती-बाड़ी करता है।

---

**कनाड़िया थाना क्षेत्र के बिचौली मर्दाना इलाके में तेंदुए के घुसने से मचा हड़कंप**

## दौड़ते हुए बाइक सवार पर झपट्टा मारा, वन विभाग कर रहा सर्चिंग

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के कनाड़िया थाना क्षेत्र के बिचौली मदार्ना इलाके में मंगलवार रात एक तेंदुए के घुसने से हड़कंप मच गया। रात करीब 8:30 बजे तेंदुआ आबादी वाले हिस्से में पहुंचा और वहां से गुजर रहे एक बाइक सवार पर झपट्टा मार दिया। युवक किसी तरह जान बचाकर भाग निकला। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

हमले के बाद तेंदुआ भागते हुए एक मकान के बाथरूम में घुस गया। कुछ देर बाद वह वहां से निकलकर श्रीजी वैली की ओर भाग गया। सूचना मिलते ही कनाड़िया पुलिस और वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।



### तेंदुए के मूवमेंट जानने सीसीटीवी खंगाले

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि तेंदुए की मूवमेंट का पता लगाया जा सके। साथ ही आसपास की कॉलोनियों और गांवों में लोगों को सतर्क रहने की सूचना दी गई है।

### वन विभाग की टीम कर रही सर्चिंग

पुलिस ने बताया कि तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम लगातार सर्च कर रही है। एहतियात के तौर पर पुलिस की दो गाड़ियां पूरे इलाके में गश्त कर रही हैं। लोगों से अपील की गई है कि रात में घरों से बाहर न निकलें और तेंदुआ दिखाई देने पर तुरंत पुलिस या वन विभाग को सूचना दें। प्राथमिक आशंका है कि लगातार हो रही बारिश के कारण तेंदुआ खुड़ैल के जंगल से निकलकर रिहायशी इलाके में पहुंच गया।

---

**बिना रजिस्ट्रेशन संचालित कैंसर अस्पताल की शिकायत**

## चितावद के देवी अहिल्या कैंसर हॉस्पिटल पर गंभीर आरोप, अवैध संचालन और ठगी की शिकायत

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे एक कैंसर अस्पताल को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में की गई शिकायत में चितावद स्थित देवी अहिल्या कैंसर हॉस्पिटल पर पिछले करीब 10 वर्षों से अवैध रूप से संचालित होने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत के बाद कलेक्टर शिवम वर्मा ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

शिकायतकर्ता एडवोकेट चर्चित शास्त्री ने आरोप लगाया है कि अस्पताल एक तीन मंजिला अवैध भवन में संचालित हो रहा है और इसके संचालक अजय हार्डिया के पास डॉक्टर की डिग्री तक नहीं है। शिकायत में दावा किया गया है कि अस्पताल में कैंसर मरीजों से प्रतिदिन हजारों रुपए बेड शुल्क वसूला जा रहा है और बीमारी के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है।




### आरटीआई में नहीं मिला अस्पताल का रजिस्ट्रेशन

शिकायत के अनुसार सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी में सीएमएचओ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीकार्यालय ने बताया कि इस नाम से कोई अस्पताल रजिस्ट्रेशन नहीं है। इसके बावजूद अस्पताल का संचालन लगातार जारी रहने पर सवाल खड़े किए गए हैं।

### सीएमएचओ पर संरक्षण देने का आरोप

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि अस्पताल संचालक के खिलाफ विभिन्न थानों में धोखाधड़ी के पांच से अधिक प्रकरण लंबित हैं, लेकिन इसके बावजूद संबंधित विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। शिकायतकर्ता ने सीएमएचओ पर अस्पताल को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया है।

### कलेक्टर बोले शिकायत सही मिली तो होगी कार्रवाई

- मामले पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि अस्पताल के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है, जिसमें वैध लाइसेंस के बिना संचालन किए जाने की बात कही गई है। शिकायत की जांच कराई जा रही है। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।
- कलेक्टर ने स्पष्ट कहा यदि कोई संस्थान अवैध रूप से संचालित हो रहा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मामला संज्ञान में आया है और जांच के बाद आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

---

## 62 नहीं, 65 वर्ष की उम्र में होंगे रिटायर

### हाईकोर्ट ने उटल्ड डॉ. माधव प्रसाद हसानी को दी राहत सेवानिवृत्ति आदेश निरस्त

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हसानी को बड़ी राहत देते हुए उनके 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त किए जाने के आदेश को निरस्त कर दिया है।

न्यायमूर्ति संदीप एन. भट्ट की एकलपीठ ने स्पष्ट किया कि डॉ. हसानी 65 वर्ष की आयु तक सेवा जारी रखने के पात्र हैं।

डॉ. हसानी ने याचिका दायर कर 30 जनवरी 2026 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें 31 जुलाई 2026 को 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त करने के निर्देश दिए गए थे। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि उन्होंने वर्ष 1999 में संविदा ग्रामीण चिकित्सा अधिकारी के रूप में सेवा प्रारंभ की थी और वर्ष 2005 में उनकी सेवाएं नियमित हुई थीं। इसके बाद उन्होंने लंबे समय तक क्लीनिकल सेवाएं दीं और बाद में मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी तथा सीएमएचओ जैसे प्रशासनिक पदों पर कार्य किया।

याचिका में तर्क दिया गया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा मेडिकल अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष निर्धारित की गई है तथा पूर्व में डॉ. कांतिलाल साहू सहित कई मामलों में हाईकोर्ट इसी प्रकार का निर्णय दे चुका है। वहीं राज्य सरकार ने दलील दी कि 65 वर्ष तक सेवा का लाभ पाने के लिए नियमों में निर्धारित शर्तों का पालन आवश्यक है और याचिकाकर्ता उन शर्तों को पूरा नहीं करते।

सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने माना कि डॉ. हसानी वर्ष 1999 से लगातार चिकित्सा सेवाएं देते रहे हैं तथा उनके मामले के तथ्य पूर्व में दिए गए न्यायिक निर्णयों से मेल खाते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि मेडिकल अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में अनुभवी डॉक्टरों की उपलब्धता बनाए रखना था।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि 30 जनवरी 2026 का सेवानिवृत्ति आदेश विधिसम्मत नहीं है और इसे निरस्त किया जाता है। साथ ही डॉ. माधव प्रसाद हसानी को 65 वर्ष की आयु तक सेवा में बने रहने की अनुमति प्रदान की जाती है।

---

## रेनी वेडिंग, दुल्हन को गोद में उठाकर मंडप तक लेकर पहुंचा दुल्हा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में लगातार हो रही बारिश के बीच कैट रोड स्थित एक मैरिज गार्डन में हुई शादी लोगों के लिए यादगार बन गई। तेज बारिश से गार्डन में जलभराव होने के बावजूद दूल्हा-दुल्हन ने पूरे उत्साह के साथ विवाह की सभी रस्में निभाईं। इस अनोखी शादी के वीडियो और तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।



जुलाई के पहले सप्ताह में ही इंदौर में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। इसी बीच कैट रोड स्थित गार्डन में पूर्वा और वैभव का विवाह समारोह आयोजित था। समारोह के दौरान हुई तेज बारिश से पूरे गार्डन में पानी भर गया। जलभराव के कारण मेहमानों को मंडप और भोजन स्थल तक पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

---

## लोको पायलट ने समोसे के लिए रोकी ट्रेन

### इंदौर में लोग बोले- अक्सर ऐसा ही होता है, रेल विभाग ने बैठाई जांच

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर-महू के बीच चल रही डेमू ट्रेन से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है। इसमें ट्रेन रुकी हुई है जबकि लोको पायलट ट्रेक के किनारे बनी एक दुकान पर खड़ा है। वह दुकान से समोसे खरीदता है, फिर इंजन की तरफ बढ़ता है। लोको पायलट के इंजन में चढ़ने के बाद ट्रेन आगे बढ़ जाती है।

वीडियो राऊ के रंगवासा रोड इलाके का बताया जा रहा है। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि इंदौर-महू डेमू ट्रेन यहां अक्सर कुछ मिनटों के लिए रुकती है। लोको पायलट ट्रेन से उतरकर पास की दुकान से समोसे खरीदता है। इसके बाद ही ट्रेन यहां से रवाना होती है।

**अधिकारी बोले- जांच के बाद होगी कार्रवाई-** रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो उनके संज्ञान में आया है। इसे सीनियर अफसरों को भेज दिया गया है। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। अगर यह साबित होता है कि लोको पायलट ने बिना अधिकृत कारण, सिग्नल या परिचालन संबंधी जरूरत के ट्रेन रोकी और निजी काम के लिए केबिन से बाहर निकला, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



---

## युवती की हत्या के मामले में मां-भाई पर केस

### प्रेमी की रिकॉर्डिंग से खुला राज, पहले प्रेमी को ही बनाया गया था आरोपी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के हीरानगर क्षेत्र में रहने वाली ज्योति अग्रवाल की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने ज्योति की मां शीतल अग्रवाल और भाई प्रकाश के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। शुरूआत में दोनों ने ज्योति के प्रेमी मयंक साहू पर गंभीर आरोप लगाए थे, लेकिन जांच के दौरान सामने आए सबूतों के बाद मामला पलट गया।



हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल के मुताबिक, ज्योति की मौत 3 अप्रैल को हुई थी। उससे एक दिन पहले यानी 2 अप्रैल की रात घर में विवाद हुआ था, जिसमें मां और भाई ने उसके साथ मारपीट की थी।

पुलिस का दावा है कि बाद में इस मौत को आत्महत्या दिखाने की कोशिश की गई। इसके लिए घटनास्थल का पूरा सीन बदला गया और घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग भी डिलीट कर दी गई। हालांकि पुलिस अब तक वह रिकॉर्डिंग रिकवर नहीं कर सकी है। शीतल और प्रकाश ने शुरूआती बयान में पुलिस को बताया था कि ज्योति का एक वीडियो उसके प्रेमी मयंक साहू के पास था। उनका आरोप था कि मयंक उसी वीडियो के आधार पर ज्योति को ब्लैकमेल कर रहा था और उससे 5 लाख रुपए ले चुका था। लेकिन जब पुलिस ने मयंक से पूछताछ की तो उसने बताया कि रुपए व्यापारिक लेन-देन के थे। उसने दावा किया कि बाद में उसने ज्योति को 31 ग्राम सोना खरीदकर वापस कर दिया था। मयंक ने पुलिस को एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सौंपी। यह रिकॉर्डिंग 2 अप्रैल की रात की थी, जिसमें ज्योति अपने दोस्त कुशाल से बात कर रही थी। रिकॉर्डिंग में वह कह रही थी कि उसकी मां और भाई उसके साथ मारपीट कर रहे हैं और पुलिस को सूचना देने के लिए कह रही है। हालांकि कुशाल ने पुलिस को सूचना नहीं दी, बल्कि उसने यह जानकारी मयंक को दी। अगले दिन मयंक को ज्योति की मौत की खबर मिली। 7 अप्रैल को पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिली। रिपोर्ट में ज्योति के सिर पर दो गंभीर चोटों के अलावा हाथ, पैर और शरीर पर करीब 10 चोटों के निशान मिले।

---

**इंदौर में लगातार हो रही बारिश के बीच संभावित हादसों को रोकने के लिए नगर निगम जर्जर भवनों के खिलाफ अभियान चला रहा**

## दो स्थानों पर हटाए गए भवन के खतरनाक हिस्से, दो थानों का पुलिस बल रहा तैनात

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में लगातार हो रही बारिश के बीच संभावित हादसों को रोकने के लिए नगर निगम जर्जर भवनों के खिलाफ अभियान चला रहा है। मंगलवार को निगम की टीम ने जोन क्रमांक-12 में दो स्थानों पर कार्रवाई करते हुए खतरनाक भवनों के हिस्सों को हटाया।

भवन अधिकारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि पहली कार्रवाई करीब एक हजार वर्गफीट क्षेत्रफल वाले एक जर्जर भवन पर की गई। इस भवन मालिक को 26 जून को पहला नोटिस जारी किया गया था। हाल ही में भवन का छज्जा गिरने से एक कार क्षतिग्रस्त होने की शिकायत मिली थी। निरीक्षण में भवन को खतरनाक पाए जाने के बाद मंगलवार को उसके जर्जर हिस्से को हटाने की कार्रवाई की गई।



### नंदलालपुरा में भी चला निगम का बुलडोजर

नगर निगम ने नंदलालपुरा स्थित सोमवंती समाज की भूमि पर बने पुराने और जर्जर निर्माण को भी हटाया। अधिकारियों के अनुसार इस भवन को वर्ष 2022-23 से लगातार नोटिस दिए जा रहे थे, लेकिन भवन की मरम्मत या सुरक्षा संबंधी कोई कार्य नहीं कराया गया। इसके बाद 14 जून को अंतिम नोटिस जारी किया गया था। बारिश के मौसम में भवन के गिरने की आशंका को देखते हुए मंगलवार को निगम ने रिमूवल की कार्रवाई की।

### भारी पुलिस बल और मशीनरी रही तैनात

कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचने के लिए दो थानों का पुलिस बल तैनात किया गया। वहीं निगम की दो से तीन रिमूवल टीमें, एक पोकलेन मशीन और दो जेसीबी की मदद से जर्जर हिस्सों को हटाया गया। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि शहर में चिन्हित जर्जर भवनों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि बारिश के दौरान किसी प्रकार की जनहानि या दुर्घटना से बचा जा सके।

# झपट्टा मारकर ट्रेन में सवार यात्रियों का छीन लेते थे मोबाइल

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

चलती ट्रेन के गेट पर खड़े यात्रियों का झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने वाले 2 बदमाशों को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। दोनों नशे के आदी है और आउटर पर पटरियों के पास खड़े होकर गेट पर खड़े होकर मोबाइल पर बात करने वाले यात्रियों को निशाना बनाते थे।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि 6 जुलाई को गुना के रहने वाले हेमंत जाटव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह इंटरसिटी एक्सप्रेस के जनरल कोच के गेट पर खड़ा होकर यात्रा कर रहा था। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन से रवाना होने पर उसने परिवार को कॉल करने के लिये मोबाइल निकाला। उसी दौरान आउटर पर 2 बदमाशों ने झपट्टा मारकर उसके हाथ से वीवो कंपनी का मोबाइल छीन लिया। ट्रेन गति पकड़ चुकी थी और दोनों बदमाश पटरियों के बीच से दौड़ते हुये भाग निकले थे। शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 304 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तलाश शुरू कर प्रधान आरक्षक श्याम सुंदर चौबे, दशरथ मेहरा, आरक्षक जनक भदौरिया, दिलीप लोधी और अनुप नारोलिया की टीम गठित की गई। 24 घंटे में झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने वाले दोनों आरोपी कान्हा मराठा और पुरूषोत्तम को जीरो पाइंट ब्रिज के पास आउटर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर वीवो कंपनी का मोबाइल बरामद किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपियों के खिलाफ पूर्व में चोरी और मारपीट के प्रकरण दर्ज होना सामने आया है। दोनों उज्जैन के रहने वाले है और नशा और दैनिक खर्चो के लिये वारदात को अंजाम देते है।

**खेतों से केबल चोरी करने वाला पकड़ाया-** माकडोन थाना पुलिस ने खेतों से केबल और टापरी में लगे पंखे चोरी की वारदात में शामिल फरार आरोपी दारासिंह पिता गोरेलाल 40 साल निवासी ग्राम खाखरी सुल्तान को गिरफ्तार किया है, पूछताछ के बाद उससे चोरी की केबल और पंखे बरामद किये गये है। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि आरोपी दारासिंह ने अपने नाबालिग साथी और 3 अन्य के साथ मई माह में आधा दर्जन के लगभग खेतों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में प्रकरण दर्ज करने के बाद एक आरोपी और नाबालिग को गिरफ्तार कर चार सौ फीट केबल बरामद की गई थी। प्रकरण में अब भी 2 आरोपी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।


# छात्राओं ने लगाया नारा- मैं भी हूं साइबर योद्धा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

साइबर अपराधों से बचाव के लिये चलाये जा रहे जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराफा में छात्रओं ने मैं भी हूं साइबर योद्धा का नारा लगाया और अपने परिवार के साथ आसपास के लोगों को जागरूक करने की शपथ ली।

पुलिस विभाग द्वारा 24 जून से 8 जुलाई तक सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में महाकाल थाना पुलिस और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से अभियान में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराफा पहुंचकर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी प्रदान करना था। इस दौरान थाना प्रभारी गगन बादल, एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से डॉ. अंजना शुक्ला और विद्यालय के प्राचार्य मुकेश त्रिवेदी उपस्थित रहे। छात्राओं को वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से होने वाली ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी एवं बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी जॉब ऑफर, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, साइबर बुलिंग, अश्लील एवं आपत्तिजनक ऑनलाइन सामग्री, पहचान की चोरी की जानकारी दी गई।




घर में जहरीले जीवों को
दूर भगाने वाले पौधे
तुलसी
मच्छर / कीडे
सर्पगंधा
सांप
मेंदा
सांप / कीडे
लैवेंडर
मच्छर / पतंगे
पुदीना
चुहा / चीटिया
dakshnursery
लेमन ग्रास
मच्छर
रोजमेरी
मच्छर / मक्खी
नीम
कीडे / मच्छर
लहसुन
सांप / कीडे
अजवायन
चीटियां / कीडे

स्वदेशी जागरण मंच

स्वावलंबी भारत अभियान

MySBA

# स्वदेशी - विदेशी वस्तुओं की सूची

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद का प्रयोग करें | विदेशी उत्पाद का - बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | संतूर, निरमा, स्वास्तिक, मैसूर सैंडल, विप्रो, शिकाकाई, मेडिमिक्स, गंगा, सिंथाल, मार्गो, पतंजलि तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, हमाम, जय, मोती, कैमे, डव, पॉण्डस, पॉमोलिव, जॉनसन, क्लीयरसील, डेटाल, लेसांसी, जासमीन, गास्टमिस्ट, लैक्मे, एम्वे, क्वॉटम, मोर्गो |
| कपड़े धोने का साबुन | घड़ी, निरमा, विमल, पतंजलि, हीपोलीन, टी-सीरिज, डेट, फेना, उजाला, शुद्ध, ईजी, जेंटिल, 555, बॉबी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | सनलाईट, व्हील, एरियल, चेक, डबल, ट्रीलो, 501, ओके, की-रिबेल, एम्वे, क्वॉटम, सर्फ एक्सल, रिन, रिम बार, रॉबिन ब्लू और हिन्दूस्थान लिवर के अन्य उत्पादन |
| सौन्दर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यू, टिप्स एण्ड टोज, श्रृंगार, पतंजलि, सिंथॉल, संतूर, इमामी, खादी, बोरोप्लस, तुलसी, विको टर्मरिक, अर्निका, डाबर, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पैराशूट, फेम, केडिला, फ्रंको, अपका, खण्डेलवाल, टोरंट फार्मा, युनिकेम, झंडु फार्मा, महर्षि आयुर्वेद, बलसारा, डाबर, बैद्यनाथ, भास्कर, बोरोलीन, बजाज सेवाश्रम, कोकोराज, मूव, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | जॉनसन, पॉण्डस्, ओल्ड, क्लियरसील, ब्रिलक्रिम, फेयरल एण्ड लवली, वेलवेट, मेडिकेयर, लेवेंडर, नायसील, शॉवर टू शॉवर, क्लूटीकूरा, लिरील, डेनिम, ऑरगनिक्स, रुट्स, पेंटिन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लिनिक, कोको केयर, नवराटिस, क्रेक क्रीम |
| टूथपेस्ट, दन्त मंजन, टूथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, वीको, एंकर, डाबर, पतंजलि, अजय, अजंता, गरवारे, ब्रश क्लासिक, ईगल, बैद्यनाथ, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | कोलगेट, सिबाका, क्लोजप, पेस्टोडेंट, एमवे, क्वॉटम, एक्वाफ्रेश, नीम, ओरल-बी, फोरहंस, सीग्नल, मॅकलिंस |
| दाढ़ी बनाने का साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, अशोक, वी-जॉन, पतंजलि, टोपाज, प्रीमियम, पार्क एवेन्यू, लेझर, विद्युत, जे.के. तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | पॉमोलिव, ओल्ड स्पाईस, निविया, पॉण्डस्, फ्लेटिनम, जिलेट, सेवेन ओ क्लॉक, विलमेन, विलटेज, अरस्मिक, रिस्स, लेकमे, डेनिम |
| बिस्कीट चॉकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | वचन, गाया, देवभोग, न्यूट्रीन, अमूल, ब्रिटानिया, पतंजलि, चैम्पियन, ॲम्प्रो, पारले, साठे, बेकमन, प्रिया गोल्ड, मोनैको, गिट्स, पैरी, रावलगांम, क्लासिक, इंडाना, सफल, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | नेस्ले, केडबरी, बोर्नविटा, हॉरलिक्स, बुस्ट, मिल्क मेड, किसान, मैगी, फैरेक्स, अनिकस्प्रे, कॉम्लान, किटकैट, चार्ज, एक्लेअर, मॉडर्न ब्रेड, माल्टोवा, व्हिवा, माइलो |
| चाय - कॉफी | टाटा, वाघबकरी, गिरनार, आसाम टी, सोसायटी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, तेज, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | बुकब्रांड, ताजमहल, रेडलेबल, डायमंड, लिपटन, ग्रीनलेबल, टाइगर, नेसकैफे, नेसले, डेल्टा, ब्रू, सनराईज, थ्री फ्लॉवर्स |
| शीतलपेय, शर्बत चटनी, अचार मुरब्बा | पोपट, मौसाजी, ओन्जुम, जैम्पिन, हल्दीराम, हमदर्द, मैप्रो, गुरुजी, फ्रूटी, गोकुल, बीकानेर, वेकफील्ड, मोगा, प्रिया, अशोक मदर्स रेसेपी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लहर, पेप्सी, सेवनअप, मिरिंडा टीम, कोका कोला, मॅकडोनाल्ड, मॅगोला, गोल्ड स्पाट, लिमका, थम्सअप, स्प्राईट, डक्यूस, फैण्टा, कैडबरी |
| आईस्क्रीम | कैम्पस, अरूण, दिनशॉं, सेलेस्टी, अमूल, नेचूरल्स, हिमालय, निरुला, वाडीलाल, क्रीमवेल, मदर डेयरी | कैडबरी, डॉलाप, नाईस, बुकब्राड के उत्पादन, क्वालिटी, वॉल्स, बास्किन-रॉबिन्स, यांकि डयूडल्स |
| खाद्य तेल खाद्य पदार्थ | कमल, सर्वोत्तम, मारुति, पोस्टमेन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, रथ, विजया, सपन, पॅराशूट, अशोक, सफोला, कोहिनूर, मधुर, इंजन, गगन, अमृत वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवेरेस्ट, बेडेकर, सहकार, लिज्जत, गणेश, शक्तिभोग आटा, टाटा तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | डालडा, क्रिस्टल, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक-आटा और चपाती, मैगी, किसान, बुकब्रॉण्ड, कैप्टनकुक नमक और आटा, मॉर्डन चपाती, कारगिल आटा |
| तैयार कपड़े | मफतलाल, रेमण्ड, पिटर इंग्लैण्ड, ट्रेंड, केम्ब्रिज, डबल बुल, झड़ियो, अरविंद, डेनिम, प्रोलिन, टीटी, अमूल, वीआईपी, रूपा, पार्क एवेन्यू, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईंग मशील, ड्यूक्स, कोलकाता बाजार, लूधियाना, एवं अन्य स्थानीय होजरी के उत्पादन | ली के सभी उत्पाद, बर्लिंगन, लकोस्टे, सॅनफिस्को, कलरप्लस, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेप जीन्स, रॅंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, बायफोर्ड |
| कम्प्युटर, लैपटॉप एवं उपकरण | एच.सी.एल, सेनिथ, विप्रो, सहारा, इनटैक्स, चिराग, एमकेट, मोसरबेयर, बीपीएल, अजन्ता, टीवीएस | तोशिबा, सेमसंग, एलजी, लेनोवा, सोनी, ऐसर, एचपी, केनन, शार्प, एसुस, डेल, सनडिक्स, नेक, फिलिप्स |

■ वर्ष-12 अंक-245 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 08 जुलाई, 2026

### सुभाषितानि

**पुत्रपौत्रधनं धान्यं हस्त्यश्वाश्वतरी रथम्।**
**प्रजानां भवसि माता आयुष्मन्तं करोतु मे॥**

**भावार्थ** : आप प्राणियों की माता हैं। मेरे पुत्र, पौत्र, धन, धान्य, हाथी, घोड़े, खच्चर तथा रथ को दीर्घ आयु से सम्पन्न करें।

**अश्वदायि गोदायि धनदायि महाधने।**
**धनं मे जुषतां देवि सर्वकामांश्च देहि मे॥**

**भावार्थ** : अश्वदायिनी, गोदायिनी, धनदायिनी, महाधनस्वरूपिणी हे देवि! मेरे पास सदा धन रहे, आप मुझे सभी अभिलषित/इच्छित वस्तुएँ प्रदान करें।

## सम्पादकीयम्

### निर्वाचनोत्तर राजनैतिकसङ्घर्षः

पश्चिमबङ्गदेशे सत्तापरिवर्तनस्य अभावेऽपि निर्वाचनोत्तरहिंसाः, राजनैतिकसङ्घर्षाः च न्यूनतायाः लक्षणं न दृश्यन्ते। टीएमसी-नेतृणां उपरि आक्रमणानि, वर्धमानाः राजनैतिक-तनावाः, कानून-व्यवस्था-सम्बद्धाः प्रश्नाः च राज्यस्य शासनस्य विषये नूतनाः चिन्ताः उत्पन्नाः सन्ति। पश्चिमबङ्गविधानसभानिर्वाचनेन अस्मिन् समये ऐतिहासिकं परिवर्तनं जातम्। परन्तु एतत परिवर्तनं केवलं शक्तिस्तरस्य एव अभवत इति भासते; भूमिवास्तविकता अपरिवर्तिता एव तिष्ठति। अद्यापि राज्यं पूर्ववत् निर्वाचनोत्तरहिंसायाम्, प्रतिशोधकार्येषु च मग्नम् अस्ति। सांसदानां उपरि आक्रमणानि : टीएमसी-नेतृणां उपरि अद्यतन-आक्रमणानि उपेक्षितुं न शक्यन्ते। प्रथमं दक्षिण २४ परगनासु सोनारपुरे दलस्य महासचिवः सांसदः च अभिषेक बनर्जी इत्यस्य लक्ष्यं कृतम्। एतत् विषयं न्यायालये नीत्वा लोकसभाध्यक्षस्य समक्षं स्थापयितुं दलं सज्जं भवति। तदनन्तरं टीएमसी-प्रमुखः सचेतकः कल्याण बनर्जी हुगलीमण्डले स्वनिर्वाचनक्षेत्रे आक्रमणं कृतवान् इति आरोपं कृतवान्। सर्वकारस्य उत्तरदायित्वम् : एतेषां आक्रमणानां कृते तृणमूलकाङ्ग्रेसपक्षः भाजपायाः दोषं ददाति, तथैव ममताप्रशासनस्य विरुद्धं जनानां दमितः क्रोधः अधुना उपरि आगच्छति इति अपि सूचितं भवति।

भारतस्य कुश्तीसङ्घस्य पूर्वाध्यक्षः पूर्वसांसदः च बृजभूषणशरणसिंहस्य विरुद्धं

# ३ अगस्त-दिनाङ्के निर्णयः; दिल्ली न्यायालयः निर्णयः आरक्षितः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली


भारतस्य कुश्तीसङ्घस्य पूर्वाध्यक्षः पूर्वसांसदः च बृजभूषणशरणसिंहस्य विरुद्धं षट् महिलामल्लयुद्धकारिभिः दाखिले यौन-उत्पीडन-प्रकरणे दिल्ली-नगरस्य राउस्-एवेन्यू-न्यायालयेन गुरुवासरे स्वनिर्णयः आरक्षितः। अधुना न्यायालयः अगस्तमासस्य ३ दिनाङ्के स्वनिर्णयं करिष्यति।

अतिरिक्तमुख्यन्यायिकदण्डाधिकारी अश्वनीपंवारः अपि अभियोजनपक्षं रक्षापक्षं च सप्ताहद्वयेन अन्तः स्वस्य लिखिततर्कं प्रस्तूय कर्तुं निर्देशं दत्तवान्।

बृजभूषणशरणसिंहस्य विरुद्धं भारतीयदण्डसंहितायां धारा ३५४ (महिलायाः विनयस्य आक्रोशं कर्तुं अभिप्रायेन आक्रमणं वा आपराधिकबलं), धारा ३५४ ए (यौनउत्पीडनं), धारा ५०६(१) (आपराधिकधमकी) च अन्तर्गतं आरोपाः कृताः सन्ति इदानीं सहआरोपितः पूर्वसहायकसचिवः च विनोद तोमरः आपराधिकधमकीयाः आरोपस्य सामनां करोति। एतेषु खण्डेषु अधिकतमं पञ्चवर्षकारावासस्य दण्डः भवति।

जन्तर-मन्तरे अनेकेषां प्रमुखानां महिलामल्लानां दीर्घकालं यावत् विरोधं कृत्वा २०२३ तमे वर्षे एषः प्रकरणः प्रकाशं प्राप्तवान्। महिलाक्रीडकाः बृजभूषणशरणसिंहस्य उपरि वर्षेभ्यः अनेकमहिलामल्लानां यौन-उत्पीडनं कृतवान् इति आरोपं कृत्वा तस्य गिरफ्तारी, डब्ल्यूएफआई-अध्यक्षपदात् निष्कासनं च आग्रहं कृतवन्तः आसन्।

आरोपानाम् अनन्तरं



बृजभूषणशरणसिंहः डब्ल्यूएफआई-अध्यक्षपदात् निष्कासितः, तस्य निकटसहकारिणः विनोद तोमरः च निलम्बितः अभवत्। केन्द्रीयक्रीडामन्त्रालयेन जाँचसमित्याः निर्माणस्य आश्वासनं दत्तस्य अनन्तरं विरोधप्रदर्शनं अस्थायीरूपेण स्थगितम्; तथापि कायार्भावस्य आरोपं कृत्वा मल्लयुद्धकारिणः २०२३ तमस्य वर्षस्य एप्रिलमासे पुनः विरोधान् आरब्धवन्तः।

सर्वोच्चन्यायालयस्य हस्तक्षेपस्य अनन्तरं दिल्लीपुलिसः २०२३ तमस्य वर्षस्य एप्रिल-मासस्य २८ दिनाङ्के द्वौ प्राथमिकौ पञ्जीकृतवान्। प्रथमः प्राथमिकी षट् वयस्कमहिलामल्लानां शिकायतां आधारेण पञ्जीकृतः, द्वितीयः प्राथमिकीपत्रं नाबालिगमल्लस्य शिकायतया आधारेण पोक्सो-अधिनियमस्य अन्तर्गतं पञ्जीकृतम् उभयत्र एफआईआर-पत्रेषु आरोपाः २०१२ तः २०२२ पर्यन्तं वर्षाणां घटनाभिः सम्बद्धाः आसन्। परन्तु दिल्लीपुलिसः पोक्सो-प्रकरणे समापन-रिपोर्टं दाखिलवान्-अनन्तरं नाबालिग-मल्लस्य आरोप-निवृत्तेः, अन्वेषणस्य समये पर्याप्त-समर्थक-साक्ष्यस्य अभावस्य च उद्धृत्य-यत् न्यायालयेन मे २०२५ तमे वर्षे स्वीकृतम्। २०२३ तमस्य वर्षस्य जूनमासे बृजभूषणशरणसिंह-विनोदतोमरयोः विरुद्धं आरोपपत्रं दाखिलं कुर्वन् दिल्लीपुलिसः अवदत् यत् अभियोजनपक्षं प्रवर्तयितुं पर्याप्ताः प्रमाणाः सन्ति। २०२४ तमस्य वर्षस्य मे-मासे न्यायालयेन उभयोः अभियुक्तयोः विरुद्धं आरोपाः कृताः; ते आरोपं अङ्गीकृत्य न्यायाधीशस्य सामना कर्तुं निश्चयं कृतवन्तः। २०२४ तमस्य वर्षस्य जुलैमासे आरब्धस्य कैमरा-अन्तर्गत-कार्यक्रमस्य कालखण्डे अभियोजनपक्षः ३२ साक्षिणां वक्तव्यं अभिलेखितवान्, येषु षट् शिकायतां महिलामल्लयुद्धकारिणः अपि च भारतीयकुश्तीसङ्घस्य।

कक्षा ९ पाठ्यपुस्तके

## मनुस्मृति श्लोक पर बहस; एनसीईआरटी-निदेशकः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

नवमी कक्षायाः सामाजिकविज्ञानस्य पाठ्यपुस्तके मनुस्मृतेः एकस्य श्लोकस्य समावेशस्य विषये राष्ट्रव्यापी चर्चा तीव्रताम् अवाप्तवती अस्ति। अस्य मध्ये राष्ट्रियशैक्षिकसंशोधनप्रशिक्षणपरिषदः पूर्वनिदेशकः जे. राजपूतः, प्राचीनसाहित्यस्य अध्ययनं अवगमनं च अत्यावश्यकम् इति उक्तवान्, यद्यपि तस्य केचन विचाराः समकालीनकाले विवादास्पदाः अस्वीकार्याः वा इति मन्यन्ते। एनसीईआरटी के पूर्व निदेशक जे. राजपूतः मनुस्मृतिः विवादास्पदः ग्रन्थः इति मतं न सहमतः इति उक्तवान्। सः अवलोकितवान् यत् विश्वे बहवः प्राचीनग्रन्थाः एतादृशाः विचाराः सन्ति ये आधुनिकसमाजः पूर्णतया न स्वीकुर्वति, तथापि तेषां अध्ययनं संशोधनं च निरन्तरं वर्तते। सः अपि अवदत् यत् विद्वांसः मनुस्मृति इत्यस्य अध्ययनं वर्षाणां यावत् कृतवन्तः, केवलं विवादचक्षुषा न द्रष्टव्या।

राजपूतः उल्लेखितवान् यत् सः मनुस्मृतेः व्यक्तिगतरूपेण अध्ययनं कृतवान्, यत्र प्रायः विवादं जनयन्ति ये खण्डाः अपि सन्ति। तस्य मते ग्रन्थे अनेके विचाराः सन्ति ये तस्य युगस्य समाजस्य, शासनस्य, विचारप्रक्रियायाः च अवगमने महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहन्ति। सः मन्यते यत् केवलं केचन भागाः वर्तमानसामाजिकमूल्यानां सङ्गतिं न कुर्वन्ति इति कारणेन प्राचीनसाहित्यस्य अवहेलना न कर्तव्या; इतिहासस्य संस्कृतिस्य च अवगमनाय एतादृशग्रन्थानां अध्ययनं महत्त्वपूर्णम् अस्ति। उल्लेखनीयं यत् एनसीईआरटी इत्यनेन नवमी कक्षायाः सामाजिकविज्ञानस्य पाठ्यपुस्तके 1000 ई. पर्यन्तं राज्यं समाजश्च इति अध्याये मनुस्मृतेः श्लोकस्य उद्धरणं कृतम् अस्ति। वैदिककाले स्त्रियः आदरपदं धारयन्ति स्म इति दर्शयितुं श्लोकः समाविष्टः अस्ति।

### अविवाहितानां भिन्न-क्षमता-युक्तायाः स्वतन्त्रता-सेनानीयाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

स्वातन्त्र्यसेनानीनां आश्रितानां अधिकारसम्बद्धे महत्त्वपूर्णे निर्णये मध्यप्रदेश उच्चन्यायालयेन स्पष्टीकृतं यत् स्वतन्त्रतासेनानीयाः अविवाहिता आश्रिता भिन्नक्षमतायुक्ता पुत्री 1972 तमस्य वर्षस्य नियमानुसारं सम्माननिधि (पेंशन) प्राप्तुं अर्हति। न्यायालयेन अग्रे उक्तं यत् राज्यसर्वकारः नागरिकस्य वैधानिकाधिकारात् केवलं वंचितं कर्तुं न शक्नोति वृत्तपत्रस्य आधारेण। छतरपुरनिवासिना सुश्री बबिता खत्री इत्यनेन दाखिलस्य याचिकायाः अनुमतिं दत्त्वा उच्चन्यायालयेन तस्याः पेन्शनं अङ्गीकुर्वन् आदेशः निरस्तः कृतः - यः २०१२ तमस्य वर्षस्य डिसेम्ब 'मासस्य १८ दिनाङ्के निर्गतः आसीत्।

### राशिफल

**मेष** : आज मेष राशि वालों के लिए एक शांत और प्रोडक्टिव वातावरण रहेगा। जैसे-जैसे आप अपनी लाइफस्टाइल में स्टेबल होंगे।

**वृषभ** : आज के दिन शांत रहें, जो सबसे सबसे मायने रखता है, उस पर ध्यान केंद्रित करें। ध्यान भटकाने से बचें।

**मिथुन** : आज के दिन ऊर्जा और सोच-समझकर लिए गए निर्णयों के साथ दिन सुचारू रूप से बीतेगा।

**कर्क** : आज बारीकियों पर आपका ध्यान समस्या-समाधान कौशल को निखारता है।

**सिंह** : आज के दिन उन टास्क पर ध्यान केंद्रित करें, जिनमें पॉजिटिव सोच की आवश्यकता होती है।

**कन्या** : आज आपको अपनी भावनाओं पर भरोसा करने की जरूरत है। आप शांत पलों में शांति पा सकते हैं।

**तुला** : गहरी रचनात्मकता और कोमल भावनाओं का अनुभव करेंगे। एनर्जी स्टेबल रखने के लिए कला और संतुलन बनाए रखें।

**वृश्चिक** : आज रिश्तों से जुड़ी समस्याओं का सही ढंग से समाधान करें। नौकरी में उत्पादकता संबंधी समस्याओं पर काबू पाएं।

**धनु** : धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छे मूड और रोमांच की भावना लेकर आएगा।

**मकर** : आज बारीकियों पर ध्यान दें। दोस्तों या सहकर्मियों का सपोर्ट आपको कॉन्फिडेंट महसूस कराता है।

**कुंभ** : ध्यान भटकाने वाली चीजों को कम करें। सहकर्मियों के साथ मिलकर काम करने से परिणाम बेहतर मिल सकते हैं।

**मीन** : लव लाइफ में समस्याओं को सुलझाएं और अपने साथी के साथ एक्स्ट्रा टाइम स्पेंड करें।

## ज्योतिष/वास्तु

# 8 से 10 जुलाई तक इन 4 राशि वालों को होगा बड़ा लाभ, हर काम में मिलेगी सफलता

8 जुलाई को चंद्रमा मेष राशि में गोचर करने वाले हैं। वह यहां रहते हुए कुछ राशि वालों को विशेष लाभ दे सकते हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

ज्योतिषियों के अनुसार, ग्रहों-नक्षत्रों की चाल का सीधा प्रभाव सभी 12 राशियों के जीवन पर पड़ता है। पंचांग के अनुसार, 8 जुलाई 2026 को दोपहर 3:59 मिनट पर चंद्रमा मेष राशि में प्रवेश करेगा। वह 10 जुलाई की शाम तक भी इसी राशि में विराजमान रहेगा। चंद्रमा का यह गोचर कई राशियों के लिए बेहद शुभ माना जा रहा है। इस दौरान कुछ राशि के जातकों को करियर, व्यापार, धन, प्रेम और निवेश में शानदार सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं, आय के नए स्रोत बनेंगे और किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। आइए जानते हैं वे 4 भाग्यशाली राशियां कौन-सी हैं।

**मेष राशि–** चंद्रमा का आपकी ही राशि में गोचर होना बेहद शुभ परिणाम देने वाला साबित हो सकता है। इस दौरान आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और हर कार्य में सफलता मिलने के संकेत हैं।



करियर और कारोबार में अच्छी प्रगति होगी। व्यापारियों को किसी बड़े सौदे से अच्छा मुनाफा मिलने की संभावना है। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा और मान-सम्मान में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर हो सकती है।

**कर्क राशि–** कर्क राशि वालों के लिए यह समय रिश्तों और करियर दोनों ही मामलों में सकारात्मक रहने वाला है। नौकरी और व्यवसाय में धीरे-धीरे सफलता प्राप्त होगी। कुछ छोटे-मोटे व्यवधान आ सकते हैं, लेकिन धैर्य रखने पर सभी समस्याएं दूर हो जाएंगी। व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। नई योजनाएं सफल होंगी और आर्थिक लाभ मिलने के योग बनेंगे। नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कन्या राशि–** कन्या राशि वालों के लिए यह गोचर प्रेम, शिक्षा और रचनात्मक कार्यों में विशेष लाभ देने वाला रहेगा। विद्यार्थियों और कला से जुड़े लोगों के लिए यह समय काफी अनुकूल रहेगा। प्रेम संबंध पहले से अधिक मजबूत होंगे। नौकरी में पदोन्नति या वेतन वृद्धि का शुभ समाचार मिल सकता है। अधूरे कार्य पूरे होने से मानसिक राहत मिलेगी। किसी शुभ समाचार से परिवार में खुशी का माहौल बनेगा।

**मीन राशि–** मीन राशि के जातकों के लिए यह समय आर्थिक दृष्टि से बेहद लाभकारी साबित हो सकता है। आय के नए स्रोत बनेंगे और कार्यक्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मिलने के योग हैं। कई माध्यमों से धन लाभ होने की संभावना है। समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी और कार्यक्षेत्र में आपकी सराहना होगी। निवेश से लाभ मिलने के संकेत हैं। पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने की संभावना है।

मिस्र को 3-2 से हराया, मेसी ने टूर्नामेंट में 8वां गोल दागा

# अर्जेंटीना 13 मिनट में 3 गोल दागकर क्वार्टर फाइनल में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अटलांटा

डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना ने मिस्र को 3-2 से हराकर फुटबॉल वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। मंगलवार को अटलांटा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अर्जेंटीना 78वें मिनट तक 2-0 से पीछे थी। इसके बाद रोमेरो, मेसी और फर्नांडीज ने 13 मिनट में 3 गोल कर टीम को जीत दिला दी। वर्ल्ड कप में ऐसा पहली बार हुआ है, जब अर्जेंटीना दो गोल से पिछड़ने के बाद जीती है। मेसी ने इस टूर्नामेंट में 8वां गोल किया। वे सबसे ज्यादा गोल के साथ गोल्डन बूट की रेस में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने फीफा वर्ल्ड कप के लगातार नौवें मैच में गोल किया। जीत के बाद मेसी मैदान पर ही फूट-फूटकर रोने लगे।



### मेसी पहले हाफ में पेनाल्टी से चूके

मिस्र के पहले गोल के बाद 21वें मिनट में अर्जेंटीना को पेनाल्टी मिली। गोल करने का यह मौका कप्तान लियोनेल मेसी ने लिया। हालांकि, मिस्र के गोलकीपर मोस्तफा शुबेर ने शानदार डाइव लगाते हुए मेसी के शॉट को रोक दिया। इसके बाद मेसी काफी मायूस नजर आए।



### अर्जेंटीना की जबरदस्त पलटवार

अर्जेंटीना के फैंस के लिए खुश होने का पहला मौका 79वें मिनट में आया। जब क्रिस्टियन रोमेरो ने मेसी के क्रॉस पर हेडर के जरिए गोल कर अर्जेंटीना का खाता खोला। इसके ठीक 4 मिनट बाद 83वें मिनट में खुद लियोनेल मेसी ने गोल दागकर अर्जेंटीना को बराबरी दिला दी।

### मैच में खास

मेसी ने वर्ल्ड कप में 9 मैचों में गोल करने का रिकॉर्ड बनाया। वर्ल्ड कप में मेसी के कुल गोल की संख्या 21 हो गई है।

**मिस्र ने 2 गोल कर अर्जेंटीना को बैकफुट पर धकेला–** मिस्र ने बेहद अटैकिंग शुरूआत की। मैच के 15वें मिनट में ही मिस्र के यासिर इब्राहिम ने अर्जेंटीना के डिफेंस को भेदते हुए पहला गोल दागा। इसके बाद अर्जेंटीना ने लगातार अटैक बनाकर बराबरी करने की कोशिश की। हालांकि मिस्र के गोलकीपर मोस्तफा शौबीर ने सभी अटैक रोक दिए। आखिरकार दूसरे हाफ के 67वें मिनट में मोस्तफा जीको ने बेहतरीन मैदानी गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया। 78 मिनट के खेल तक मिस्र पूरी तरह मैच पर हावी थी और ऐसा लग रहा था कि वर्ल्ड चैंपियन अर्जेंटीना का सफर यहीं खत्म हो जाएगा।

### फर्नांडीज ने वर्ल्ड कप का 3000वां गोल किया

इंजुरी टाइम में अर्जेंटीना के लिए तीसरा गोल आया। 92वें मिनट में एंजो फर्नांडीज ने मार्टिनेज के क्रॉस पर हेडर से गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। यह गोल फुटबॉल वर्ल्ड कप के इतिहास का 3000वां गोल भी बना। इसके बाद मिस्र बचे समय में कोई गोल नहीं कर सकी और अर्जेंटीना 3-2 से मैच जीता। अब क्वार्टरफाइनल में अर्जेंटीना का मुकाबला स्विट्जरलैंड से होगा। स्विट्जरलैंड ने कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया।

## ट्रम्प ने फीफा अध्यक्ष को फोन करके धमकाया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जेनेवा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर फीफा अध्यक्ष को फोन करके धमकाने का आरोप लगा है। अमेरिकी फुटबॉल टीम के खिलाड़ी फोलारिन बालोगुन को मैच के दौरान रेड कार्ड दिखाया गया था। इसके चलते वे अगले मैच में नहीं खेल सकते थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प ने फीफा प्रेसिडेंट जियानी इन्फेंटिनो को फोन किया, जिसके बाद बालोगुन का रेड कार्ड रद्द हुआ और उन्हें बेल्जियम के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल मैच खेलने की परमीशन मिल गई। हालांकि, बालोगुन के खेलने के बाद भी अमेरिकी टीम बेल्जियम के खिलाफ 1-4 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर गई।

भारत की टी-20 में सबसे बड़ी हार

# टीम ने अपना दूसरा लोएस्ट स्कोर भी बनाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नॉधिंटम

इंग्लैंड ने तीसरे टी-20 मैच में भारत को 125 रन से हरा दिया। यह टी-20 में भारत की सबसे बड़ी हार है। टीम 76 रनों पर ऑलआउट हुई। इस फॉर्मेट में भारत का यह दूसरा लोएस्ट टोटल है। नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज पर हुए मुकाबले को देखने के लिए बर्थडे बॉय एमएस धोनी भी स्टेडियम पहुंचे। वहीं वैभव सूर्यवंशी लगातार दूसरे मैच में फ्लॉप रहे। उन्हें जोफ्रा आर्चर ने 13 रन पर आउट किया।

**धोनी बर्थडे पर मैच देखने पहुंचे, वैभव फिर फ्लॉप**

भारतीय को रनों के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी। ट्रेंट ब्रिज में भारत 125 रन से हार गई। टीम को रनों के लिहाज से 2019 में सबसे बड़ी हार मिली थी। तब न्यूजीलैंड ने वेलिंगटन में भारत को 80 रनों से हराया था। भारतीय टीम अपने दूसरे सबसे कम स्कोर पर ऑलआउट हुई। भारतीय टीम 76 रन बनाकर ऑलआउट हुई। यह टी-20 में भारत का दूसरा सबसे कम स्कोर है। टीम का टी-



20 में सबसे लोएस्ट स्कोर 74 रन है। यह उन्होंने 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में बनाया था। भारत के लिए यह लगातार पांचवा मैच है, जब उसे जीत नहीं मिली। यह बिना जीते टीम के लिए सबसे बड़ी स्ट्रीक है।

इससे पहले टीम का खराब सिलसिला 4 मैचों का था। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ चौथी बार 200+ का स्कोर बनाया है। इंग्लैंड ने ट्रेंट ब्रिज के मैदान पर 7 विकेट पर 201 रन बनाए। यह भारत के खिलाफ उसका तीसरा सबसे बड़ा स्कोर भी है। उन्होंने इसी साल मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर बनाया था।

## खबर एक नजर...

### सात बदमाशों का किया तड़ीपार

**उज्जैन।** जिले में कानून व्यवस्था और आदतन अपराधियों पर अंकुश बनाये रखने के लिये पुलिस-प्रशासन लगातार आमजन की सुरक्षा को लेकर बदमाशों के खिलाफ सख्त एक्शन ले रही है। मंगलवार को लगातार अपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे वाले 7 बदमाशों मोहम्मद अकबर पिता सईद 30 वर्ष निवासी बेगमपुरा थाना महाकाल, जगदीश पिता भीमा मोगिया 40 वर्ष, निवासी ग्राम देवली थाना तराना, घनश्याम पिता धूलजी प्रजापत 35 वर्ष निवासी केसरपुरा, हाल गायत्री कॉलोनी थाना महिदपुर, दिलीप पिता हीरालाल चौहान 35 वर्ष निवासी ग्राम मेडिया थाना नानाखेड़ा, अभिषेक उर्फ कालू पिता पप्पू भाटी 25 वर्ष निवासी सुदर्शन नगर थाना नीलगंगा, आकाश पिता भैरूलाल 23 वर्ष, निवासी नेहरू नगर थाना नागझिरी और शुभम उर्फ शिवम उर्फ बंदर पिता गोविन्द दास बैरागी 26 वर्ष, निवासी ढांचा भवन थाना चिमनगंज पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के साथ जिलाबदर किया गया है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि सभी बदमाशों को जिलाबदर करने किये जाने का प्रतिवेदन जिला दंडाधिकारी को प्रस्तुत किया गया था। जहां से स्वीकृति मिलने पर सातों बदमाशों से आदेश की तामिली कराई गई है और उन्हे जिले की सीमा से बाहर भेजा जा रहा है। एसपी का कहना था कि भविष्य में भी आमजन की सुरक्षा और जिले में शांतिपूर्ण माहौल को बनाये रखने के लिये बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का अभियान जारी रहेगा।

### तस्कर का इनामी पुत्र गिरफ्तार



**उज्जैन।** नीलगंगा थाना पुलिस ने 24 अप्रैल को कच्चा मसानिया स्थित मंदिर के पीछे से राकेश उर्फ चिना पिता शांतिलाल जगदेव 48 वर्ष निवासी राजीव रत्न कॉलोनी को 11 ग्राम एम.डी. ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान तस्करी में उसका सहयोगी पुत्र कालू उर्फ करण उर्फ अर्जुन पिता राकेश चीना शामिल होना सामने आया था। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास करने पर वह लगातार फरार होना सामने आ रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। मंगलवार को क्राइम ब्रांच की टीम ने फरार इनामी आरोपी कालू उर्फ करण पिता राकेश चीना को गिरफ्तार कर लिया। क्राईम ब्रांच उपपुलिस अधीक्षक योगेश सिंह तोमर ने बताया कि फरार आरोपी से पूछताछ कर मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से जुड़े अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ जारी है। फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में प्रधान आरक्षक कुलदीप भारद्वाज, रूपेश, वीरसिंह, आरक्षक अनिल पंचोली, मनीष और राहुल का सहयोग रहा।

### रास्ता रोक छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी हिरासत में

**उज्जैन।** मंगलवार को कॉलेज जा रही छात्रा का रास्ता रोककर युवक द्वारा छेड़छाड़ का प्रयास किया गया। युवक ने छात्रा का हाथ तक पकड़ लिया और बात करने का दबाव बनाने लगा। छात्रा ने विरोध किया तो युवक जान से मारने की धमकी देने लगा। छात्रा ने शोर मचाने का प्रयास किया तो युवक भाग निकला। छात्रा ने अपने साथ हुई घटना की शिकायत तराना थाना पुलिस को दर्ज कराई। थाना प्रभारी रामनारायणसिंह भदौरिया ने मामले की गंभीरता को देखते हुये तत्काल एसआई ए. बी. खाका, आरक्षक अर्चित शर्मा, आरक्षक आनंद और महिला आरक्षक शबाना की टीम को छेड़छाड़ करने वाले युवक की तलाश में रवाना किया। कुछ घंटे बाद पुलिस टीम ने आरोपित गौतम पिता जगदीश उपाध्याय निवासी बड़ा राम मंदिर के पास तराना को अभिरक्षा में ले लिया। पुलिस के अनुसार आरोपित युवक के खिलाफ छात्रा की शिकायत पर धारा 74, 78(1)(1), 126(2) और 351(3) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### प्रंशातिधाम चौराहा पर पलटा रिक्शा

**उज्जैन।** इंदौररोड प्रशांतिधाम चौराहा पर तेजगति से दौड़ा ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 13 एएफ 7257 पलटी खा गया। रिक्शा में सवार भागवंताबाई पति आत्माराम सिन्नम 50 साल निवासी माधवपुरा मक्सीरोड और उसकी रिश्तेदार पार्वती बाई पति जितेन्द्र मकवाना 35 साल घायल हो गई। दोनों को लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में नानाखेड़ा थाना प्रधान आरक्षक अनिल सिसौदिया ने बताया कि घायल महिलाओं के बयान दर्ज कर रिक्शा चालक के खिलाफ तेजगति और लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है।

### गायत्री शक्तिपीठ पर नव दंपती शिविर संपन्न

**उज्जैन।** अंकपात मार्ग स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर नव दंपती शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक दंपतियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि कुलदीप राणावत ने कहा कि सुखी परिवार से ही सुखी समाज और अंततः एक सुखी देश का निर्माण होता है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 566-7 | 357-5 |
| मेन बाजार | 668-0 | 110-2 |
| मिलन डे | 677-0 | 568-9 |
| मिलन नाइट | 235-0 | 690-5 |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | 9 | 0 |

### सफाई के दौरान हादसा, बचाने का प्रयास करने उतरे दो कर्मचारी जहरीली गैस से दो बेहोश

# पैर फिसला और सीवरेज चेंबर बन गया मौत का गड्ढा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

सीवरेज चेंबर की सफाई के दौरान मंगलवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। पैर फिसलने से चेंबर में गिरे एक कर्मचारी की मौत हो गई, बचाने का प्रयास करने उतरे दो कर्मचारी बेहोश हो गए। घटनाक्रम देख एसपी ने अपनी गाड़ी रोकी और रेस्क्यू शुरू कराया।

पिपलीनाका क्षेत्र में दोपहर के समय टाटा कंपनी के कर्मचारी सीवरेज चैंबर की सफाई के लिए पहुंचे थे। आधुनिक जैंटिंग मशीन से सफाई का काम शुरू किया गया। खुले चैंबर के पास कर्मचारी अशोक पिता भेरुलाल मिश्रा खड़ा हुआ था। सफाई मशीन के पाइप में उसका पैर उलझा और वह चेंबर के गड्ढे में जा गिरा। घटनाक्रम देख उसे बचाने के लिए दो साथी कर्मचारी गोपाल डाबी निवासी ग्राम अम्बोदिया और रमेश चौहान निवासी नानाखेड़ा बिना संसाधन के उसे बचाने के लिए चेंबर में उतर गए। लेकिन जहरीली गैस से तीनों बेहोश हो गए। इस दौरान मौके से एसपी प्रदीप शर्मा गुजर रहे थे। उन्हें घटना की जानकारी लगी तो अपना वाहन रोक और तत्काल पुलिस टीम के साथ नगर निगम टीम को बुलाकर रेस्क्यू शुरू कराया। करीब आधे घंटे बाद तीनों कर्मचारियों को बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया, जहां अशोक मिश्रा की मौत होना सामने आया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया है, जो आलोट के ग्राम लूणी रिछा का रहने वाला था।

**निगम और प्रशासन की टीम पहुंची पिपलीनाका-** सीवरेज के चेंबर में कर्मचारियों के गिरने की खबर लगते ही कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा जी टीम के साथ पिपलीनाका पहुंच गए थे। हादसे के बाद हड़कंप मचा हुआ था। घटनास्थल से अधिकारी अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने उपचार के लिए भर्ती दोनों कर्मचारियों के बेहतर उपचार के निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिए। कलेक्टर ने अपनी जान गवाने वाले कर्मचारी के परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की बात कही। डॉक्टर ने दोनों कर्मचारियों की हालत खतरे से बाहर होना बताई है।





#### क्षेत्रीय पार्षद ने लगाया टाटा कंपनी पर आरोप

पिपलीनाका क्षेत्र में हुए हादसे की खबर मिलते ही सीएसपी पुष्पा प्रजापत, जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा के साथ क्षेत्रीय पार्षद हेमंत गहलोत भी पहुंचे थे, पार्षद ने आरोप लगाया कि सीवर जैसी जोखिम भरी जगह पर काम करा रही टाटा कंपनी ने कर्मचारियों को गैस डिटेक्टर, ऑक्सीजन सिलेंडर, सेफ्टी हार्नेस और अन्य जरूरी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और सफाईकर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने और उपकरण उपलब्ध कराने की मांग रखी।

**थाने में एफआईआर का आवेदन-** तत्काल संज्ञान में लेते हुए सम्बंधित कम्पनी टाटा प्रोजेक्ट प्रा. लिमिटेड के विरूद्ध जीवाजीगंज थाने में प्राथमिक सूचना दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। उपचार के दौरान एक कर्मचारी अशोक को डाक्टरों द्वारा मृत घोषित किया गया तथा दो अन्य कर्मचारियों का उपचार जारी है तथा दोनो कर्मचारियों का स्वास्थ्य सामान्य है।

**इन प्रावधानों में 30 लाख की सहायता-** मृतक कर्मचारी अशोक के परिजनों को सीवर/सेप्टिक टेंक सफाई मित्रो के नियोजन का प्रतिषेध एवं उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 के विहित प्रावधान अन्तर्गत 30 लाख रुपए का आर्थिक अनुदान दिये जाने के निर्देश सम्बंधितों को दिए गए। अधिकारियों के अनुसार केंद्र एवं राज्य ने इसे लेकर योजना स्पष्ट की है। इसके तहत सरक्यूलर जारी किया गया है जिसमें 30 लाख की आर्थिक सहायता का प्रावधान स्पष्ट किया गया है।

#### दो कर्मचारियों की हालात सामान्य

उपरोक्त तीनो कर्मचारियों को बाहर निकालने हेतु तत्काल राहत कार्य प्रारंभ करते हुए तीनो कर्मचारियों को निकाला जाकर उपचार हेतु चरक अस्पताल में भर्ती किया गया जिसमें टाटा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड का एक कर्मचारी अशोक को मृत घोषित किया गया तथा शेष दो अन्य कर्मचारी गोपाल एवं रमेश की हालत सामान्य है।

### गैर सरकारी समिति मंदिर परिसर में बैठकर काट रही रसीद, नकदी, सोना-चांदी ले रहे दान

# मां बगलामुखी मंदिर के दान में सेंध का आरोप, कलेक्टर ने जांच समिति बनाई

### जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति 7 दिन में जांच कर प्रतिवेदन देगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

आगर-मालवा जिले के नलखेडा में स्थित प्रसिद्ध तांत्रिक मां बगलामुखी मंदिर के दान में सेंध का आरोप लगने की स्थिति सामने आने के बाद कलेक्टर प्रिती यादव ने तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई है। यह समिति 7 दिन में अपना प्रतिवेदन कलेक्टर को देगी। मामले में प्रारंभिक रूप से एक गैर सरकारी समिति के खुलेआम मंदिर में सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी दान में लेने की जानकारी सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया है।

उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर के दान में वर्ष 2018 में गणना के दौरान चोरी के बाद,अयोध्या के राम मंदिर, बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम में चढ़ावा चोरी के मामले सामने आए हैं। इसी क्रम में नलखेडा के प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर के दान में भी सेंध की स्थिति सामने आई है। मंदिर की आधिकारिक सरकारी प्रबंध समिति को दरकिनार कर परिसर के भीतर एक गैर-सरकारी समिति के



खुले रूप से सोने-चांदी के आभूषणों के दान लेने का मामला सामने आने पर कलेक्टर ने समिति बनाकर जांच का कदम उठाया है। सामने आए साक्ष्यों के अनुसार, नलखेड़ा की ही एक समिति को 2024 में तत्कालीन एसडीएम एवं मां बगलामुखी प्रबंध समिति के अध्यक्ष मिलिंद ढोके के संरक्षण में मंदिर के गर्भगृह के भीतर पैर जमाने का मौका मिला था। तब से लेकर अब तक यह समिति बिना किसी कानूनी अधिकार के मंदिर के अंदर अपनी रसीद काटकर दान ले रही थी।

समिति दान पत्र के नाम पर रसीद बुक छपवाकर इसके माध्यम से अपना काम कर रही थी। गैर सरकारी संस्था की रसीद पर बकायदा एक निजी बैंक का खाता नंबर और कई लोगों के मोबाइल नंबर भी दर्ज हैं।

नियमों के मुताबिक मां बगलामुखी मंदिर पूरी तरह शासन के नियंत्रण में है और इसकी व्यवस्था संभालने के लिए एक आधिकारिक प्रबंध समिति गठित है, जिसके अध्यक्ष स्थानीय एसडीएम हैं। सरकारी नियम कायदों को ताक पर रखकर मंदिर के भीतर किसी भी अन्य निजी संस्था द्वारा सीधे दान या आभूषण स्वीकार नहीं किया जा सकता है। पिछले दो वर्षों में समिति की और से अब तक लाखों रुपए मूल्य के सोने और चांदी के आभूषण एवं नगदी लिए जा चुके हैं। गंभीर बात यह है कि इस अकूत चढ़ावे का कोई भी हिसाब-किताब न तो सरकारी प्रबंध समिति के पास है और न ही अवैध रूप से काम कर रही यह निजी सुदर्शन सेवा समिति इसका कोई सार्वजनिक ब्यौरा दे रही है।

#### आरोपों के संबंध में जांच कर प्रतिवेदन सुझावों सहित प्रस्तुत करेगा

इस पूरे मामले में मंदिर समिति के बाहर के लोगों की सक्रिय भूमिका सामने आ रही है। चौंकाने वाले तथ्य यह है कि यह लोग खुद मंदिर की आधिकारिक व्यवस्था या पुजारी पैनल में कहीं भी पंजीकृत नहीं है। इसके बावजूद वह मंदिर परिसर के भीतर बैठकर इस पूरी समानांतर व्यवस्था को बेखौफ होकर संचालित कर रहे हैं। बिना किसी ऑडिट और बिना किसी सरकारी निगरानी के हो रही इस लाखों की वसूली ने मंदिर की सुरक्षा और पारदर्शिता दोनों पर बड़े सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। गैर शासकीय समिति के दान लेने के आरोपों और शिकायतों के आधार पर कलेक्टर प्रीति यादव ने एक जांच समिति गठित की है। तीन सदस्यीय जांच समिति मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बी.एस. सोलंकी की अध्यक्षता में जांच को अंजाम देगी। इसमें जिला कोषालय अधिकारी मनीष सोलंकी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी नलखेड़ा मिनी अग्रवाल सदस्य बनाए गए हैं। जांच दल 7 दिवस के भीतर मंदिर परिसर का निरीक्षण कर दान-संग्रहण व्यवस्था, नगद-स्वर्ण-रजत का लेखा-जोखा एवं अन्य आरोपों के संबंध में जांच कर प्रतिवेदन सुझावों सहित प्रस्तुत करेगा।

# नकली नोट गिरोह के आरोपी का कोर्ट में सरेंडर

### दिसंबर माह से था फरार, 2 साथियों से मिले थे 17.50 लाख के नोट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

इंदौर-उज्जैन के बीच नकली नोट छापने और खपाने के मामले का खुलासा दिसंबर में पुलिस ने किया था। 2 आरोपियों से 17.50 लाख के नकली नोट बरामद किये गये थे। मामले में गिरोह का सरगना और उसका साथी फरार थे। मंगलवार को एक फरार आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जिसे 5 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में राज रॉयल कालोनी और पांड्याखेड़ी रेलवे ब्रिज के पास से नकली नोटो की डिलेवरी देने आये हिमांशु उर्फ चीनू पिता राजेश गौसर निवासी गऊघाट कालोनी और दिपेश पिता अनोखीलाल चौहान निवासी शिवगंगा सिटी हाटकेश्वर के पीछे को चिमनगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उनके पास से 17.50 लाख के नकली नोट बरामद किये थे। पूछताछ में गिरोह से जुड़े सोनू टाटावत उज्जैन और सरगना राजेश बरबटे निवासी भोपाल के नामों का खुलासा हुआ था। पुलिस ने दोनों को आरोपी बनाकर तलाश शुरू की थी। पिछले 7 माह से दोनों का सुराग तलाशने के प्रयास जारी थे। मंगलवार को चिमनगंज थाना पुलिस को खबर मिली कि नकली नोट गिरोह में शामिल सोनू टाटावत ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। एसआई सुरेन्द्र मंडलोई कोर्ट पहुंचे और आरोपी से पूछताछ के लिये 5 दिनों का रिमांड मांगा। न्यायालय ने मामला नकली भारतीय मुद्रा से जुड़ा होने पर आरोपी को पुलिस रिमांड पर सौंप दिया। एसआई मंडलोई ने बताया कि अब गिरोह के मुख्य सरगना राजेश की तलाश है, रिमांड पर लिये गये आरोपी से उसके संबंध में पूछताछ की जायेगी और पता लगाया जायेगा कि मामले का खुलासा होने से पहले नकली नोट कहां-कहां खपाये थे।

## बोहरा बाखल चोरी में परिचितों पर शंका

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के बोहरा बाखल में रहने वाले परिवार के यहां आयोजित गोद भराई के कार्यक्रम में चोरी की वारदात हो गई। लाखों की चोरी में परिवार को परिचितों पर शंका है। फिलहाल लिखित शिकायत पुलिस से की गई है।

बताया जा रहा है कि केडी गेट स्थित बोहरा बाखल में रहने वाले हाफिज पिता फकरूद्दीन के परिवार में रविवार को गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। स्थानीय परिचितों के साथ बाहर से रिश्तेदार कार्यक्रम में शामिल होने आये थे। कार्यक्रम के दौरान आभूषण और कुछ नगदी चोरी हो गया।

## बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

बड़नगर मार्ग पर सोमवार-मंगलवार रात बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल से उसकी पहचान कर परिजनों को सूचना दी।

महिदपुर के ग्राम धुलेट में रहने वाला गोपी पिता नाथुलाल 42 साल बाइक से बड़नगर में रहने वाले मामा ससुर के घर गया था। जहां से रात में वापस लौटते समय उसे बड़नगर मार्ग ग्राम रत्नाखेड़ी में पीछे से आये अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। चालक दुर्घटना के बाद अपना वाहन लेकर मौके से भाग निकला। दुर्घटना की सूचना पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। घायल को चरक अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिये उसके कपड़ों की तलाशी ली तो उसके पास से मोबाइल मिला।

### फुटकर व्यापारियों को स्थाई पहचान, पुराना वर्कशॉप डिपो पर बनेगा सर्वसुविधायुक्त हॉकर्स जोन

# वर्षों पुरानी हाकर्स जोन की समस्या के निदान पर नगर निगम ने कदम बढ़ाए

### मक्सी रोड ब्रिज के पास बनेगा आधुनिक हॉकर्स जोन, 03 दिन में एस्टीमेट व ड्राइंग तैयार करने के महापौर ने दिए निर्देश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

नए शहर में वर्षों पुरानी हाकर्स जोन की समस्या को लेकर एक बार पूनः निदान के लिए नगर निगम ने कदम बढाए हैं। नए शहर के व्यवसायिक केंद्र पूरे फ्रीगंज को हाकर्स जोन से बचाने के लिए छोटे एवं फुटकर व्यापारियों को व्यवस्थित और सुरक्षित व्यापारिक स्थान उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। मक्सी रोड ब्रिज के समीप स्थित नगर निगम के पुराने वर्कशॉप डिपो परिसर में सर्वसुविधायुक्त हॉकर्स जोन विकसित किया जाएगा।



हाकर्स जोन को लेकर सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा अपर आयुक्त संतोष टैगोर सहित अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण कर आगामी 03 दिवस में परियोजना का एस्टीमेट एवं ड्राइंग-डिजाइन तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कहा कि शहर के छोटे एवं फुटकर व्यापारियों को व्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुविधाजनक स्थान उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। वर्तमान में निगम द्वारा पुराने वर्कशॉप डिपो का उपयोग जनहित में करते हुए इसे आधुनिक हॉकर्स जोन के रूप में विकसित किया जाएगा।

#### ये रहेगा हाकर्स जोन में

हॉकर्स जोन में दुकानों के लिए सुव्यवस्थित स्थान, चौड़े आवागमन मार्ग, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग तथा बारिश और गर्मी से बचाव के लिए टीन शेड जैसी सभी आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे की व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को बेहतर वातावरण मिल सके।

#### फाजलपुरा में हाकर्स जोन का टेंडर जारी

पुराने शहर में फाजलपुर क्षेत्र में हॉकर्स जोन हेतु ओटलों एवं टीन शेड निर्माण के लिए लगभग 70 लाख रुपये की लागत वाली परियोजना का टेंडर जारी किया जा चुका है और शीघ्र ही कार्य प्रारंभ होगा। इस आशय की जानकारी देते हुए महापौर ने बताया कि इसके साथ ही शहर के प्रमुख ब्रिजों के नीचे भी चरणबद्ध तरीके से हॉकर्स जोन विकसित किए जाएंगे।

#### ये होगा फायदा

व्यापारिक क्षेत्रों की सडकों को अतिक्रमण मुक्त रखा जा सकेगा। शहर में यातायात व्यवस्था भी अधिक सुगम होगी। हॉकर्स जोन बनने से फुटकर व्यापारियों को सम्मानजनक एवं स्थायी व्यापारिक स्थान मिलेगा। सड़कों पर होने वाले अव्यवस्थित अतिक्रमण पर नियंत्रण किया जा सकेगा। शहर की सुंदरता एवं यातायात व्यवस्था में भी सुधार होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com